# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 290 । भोपाल, गुरुवार 19 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

प्रशिक्षक ने पालतू कुत्ते को फांसी पर लटकाया — पृष्ठ 3
▪ जैतून की टहनी का इंतजार
▪ एक कमजोर रस्सी पर लटका है कर्नाटक जनता दल (एस) और भाजपा का संबंध — पृष्ठ 4
▪ एसपी-कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं — पृष्ठ 6
मादक पदार्थ, अवैध धन और जेवरात भी करें जप्त — पृष्ठ 8

राहुल गांधी ने किया सीधा हमला, विदेशी अखबार की रिपोर्ट का दिया हवाला

# अडानी ने किया 32 हजार करोड़ का घोटाला

- कोयला भारत आते ही दोगुना महंगा
- बिजली की कीमतें बढ़ाकर वसूला गया

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने (श्री अडानी) कोयला घोटाला किया है, जिसके कारण बिजली की कीमतें बढ़ी हैं और बिजली दरें बढ़ाकर जनता के 32000 करोड़ रुपए डकारे गए हैं। श्री गांधी ने बुधवार पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले हम 20,000 करोड़ के घोटाले की बात कर रहे थे, लेकिन अब एक विदेशी अखबार ने रिपोर्ट छपी है कि 12,000 करोड़ रुपए का और घोटाला हुआ है और इस तरह से अडानी समूह ने पूरा 32,000 करोडट रुपए का घोटाला किया है।



जब अडानी के खिलाफ दस्तावेज हैं, तो मोदी सरकार इस उद्योगपति के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती: राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

राहुल ने अडानी पर आरोप लगाते हुए एक न्यूज आर्टिकल भी दिखाया। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि अडानी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते हैं और जब तक कोयला भारत आता है, तब तक इसकी कीमत दोगुनी हो जाती है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि घोटाले के दस्तावेज मौजूद हैं, लेकिन मोदी सरकार अपने प्रिय उद्योगपति के ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

भाजपा ने कहा-

## भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है



भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार दुनिया का सबसे भ्रष्ट परिवार है। राहुल और सोनिया दोनों भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर बाहर हैं। इस पर राहुल बात नहीं करेंगे। नेशनल हेराल्ड घोटाले में रॉबर्ट वाड्रा के भ्रष्टाचार पर बात नहीं करेंगे, क्योंकि भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है।

शिवराज ने पॉवर ऑफ अटार्नी वाले बयान पर किया कटाक्ष, बोले-

# कमलनाथ ऐसा काम ही क्यों करते हैं कि गाली खानी पड़े



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को गाली खाने की पावर ऑफ अटार्नी दिए जाने संबंधित बयान पर कटाक्ष किया है। उन्होंने आज यहां कहा कि कमलनाथ ऐसा काम ही क्यों करते हैं कि उन्हें गाली खानी पड़े।

श्री चौहान ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस में गालियां खाने की पावर ऑफ अटॉर्नी भी दी गई है। इस बात का खुलासा स्वयं कमलनाथ ने किया है। वे ऐसा काम ही क्यों करते हैं कि गाली खाना पड़े। अगर गाली खाना पड़े तो खुद ना खाएं, दूसरे को पावर ऑफ एटॉर्नी दे दे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे ही सरकार चलाने की पावर ऑफ अटॉर्नी भी कमलनाथ ने दिग्विजय सिंह को ही दे रखी थी। पहले भी बंटाधार हुआ और आज भी बंटाधार ही हो रहा है। जब दिग्विजय सिंह ने सरकार चलाई उस समय जो मध्यप्रदेश की दुर्गति हुई वह जनता को पता है। उल्लेखनीय है कि कमलनाथ ने मंगलवार को पार्टी के वचन पत्र जारी करने के अवसर पर कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक मंच से कहा था कि उन्होंने बहुत पहले गाली खाने की पावर ऑफ अटार्नी दिग्विजय सिंह को दी थी, जो आज तक वैध है।

कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा-

## आपको हमारी फिक्र करने की जरूरत नहीं



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि कांग्रेस में इतना लोकतंत्र है कि हम आपस में हंसी मजाक कर लेते हैं। आपको हमारी फिक्र करने की बहुत जरूरत नहीं है, लेकिन आपकी पार्टी में तो हाल यह है कि कोई आपका नामलेवा भी नहीं है। उन्होंने कहा कि आपने ऐसे कौन से कर्म किए हैं कि आपकी पार्टी को आपको मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने में शर्म आ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जरा सावधानी से काम लीजिए दिल्ली वाला इंजन आपके भोपाल के इंजन को पटरी से उतारने के लिए कमर कस चुका है। जैसे ही आपने स्मार्ट पार्क में बिना पटरी वाला मेट्रो का डिब्बा रखा है, भोपाल के इंजन का भी वही हाल होने वाला है। जो सफर के नहीं, नुमाइश के काम आएगा।

## महुआ मामले में समिति 26 को करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। इसे लेकर लोकसभा की एथिक्स कमेटी 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। इसके लिए कमेटी ने निशिकांत दुबे को बुलाया है। लोकसभा के डिप्टी सेक्रेटरी बाला गुरु ने बुधवार को दुबे को नोटिस जारी करते हुए ये जानकारी दी। निशिकांत सुनवाई में मौजूद रहेंगे या नहीं, इसे लेकर उन्हें 20 अक्टूबर तक जवाब देने को कहा गया है। ये सुनवाई संसद के कमेटी रूम में होगी।

गाजा अस्पताल में हुए हमले की चौतरफा आलोचना

# अस्पताल में हुए हमले में 5 सौ लोगों की मौत

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार को कहा कि वह गाजा में एक अस्पताल में हुए हमले में सैकड़ों लोगों के मारे जाने की घटना के बाद से व्यथित हूं। वहीं, पाकिस्तान कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवरुल हक काकर ने मांग की है कि इस अपराध के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। इस हमले की चौतरफा आलोचना हो रही है। गाजा में कल अस्पताल में हुए हमले में पांच सौ लोगों के मारे जाने की सूचना है। सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से इजरायल की ओर से घनी आबादी में की जा रही बमबारी में यह सबसे अधिक भयावह नरसंहार वाला दिन है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री माई अल्कैला ने इज़रायल पर अल–अहली अल–अरबी अस्पताल में 'नरसंहार' का आरोप लगाया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि गाजा के 'बर्बर आतंकवादियों' ने अस्पताल पर हमला किया है, इजरायल की सेना का इससे कोई लेना देना नहीं है। तुर्की न्यूज के अनुसार श्री नेतन्याहू के सहयोगी हनान्या नफ्ताली ने शुरू में एक सोशल मीडिया पोस्ट में अस्पताल में विस्फोट के लिए इजरायली वायु सेना को जिम्मेदार ठहराया गया था। बाद में हालाँकि उन्होंने इस पोस्ट को तुरंत हटा दिया और हमास को दोषी ठहराते हुए एक और पोस्ट किया। अन्य पत्रकारों ने भी इस ओर ध्यान दिलाया।

## बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ मोर्चा खोला, आंदोलन की तैयारी

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** भारतीय किसान यूनियन नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि किसान 23 अक्टूबर को आंदोलन के लिए तैयार रहें। मुजफ्फरनगर के मुण्डभर गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ किसान नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। कलम व कैमरे पर बंदूक का पहरा है, इसलिए भारतीय मीडिया की बजाय विदेशी मीडिया में किसान आंदोलन को सही दिखाया जा रहा है। बीकेयू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने विभागीय अधिकारियों पर किसानों के शोषण का आरोप लगाया है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा। राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने किसानों के खिलाफ वादाखिलाफी की है। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गन्ने के लिए उच्च एसएपी सहित उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं। इन्हीं मांगों को लेकर किसान सरकार के खिलाफ अपना आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर हुये हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

# गेहूं के समर्थन मूल्य पर डेढ़ सौ, सरसों में 2 सौ रुपए की वृद्धि



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सरकार ने वर्ष 2024–25 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपए प्रति क्विंटल और सरसों की कीमत में 200 रुपए प्रति क्विंटल वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की आज यहां हुयी बैठक में मसूर के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 425 रुपए, बाजरा की कीमत में 115 रुपए तथा चना की कीमत में 105 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि करने का निर्णय किया गया । सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में बैठक की जानकारी देते हुए गेहूं का मूल्य अब किसानों को 2275 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा । इसी तरह सरसों का 5650 रुपए , मसूर का 6425 रुपए तथा चना का 5440 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा । उन्होंने बताया कि जौ का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल बढा कर 1850 रुपए तथा सूरजमुखी का मूल्य 150 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ा कर 5800 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है ।

## केंद्रीय कर्मियों का डीए 4 फीसदी बढ़ा

त्योहारी मौसम केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी कर दी है। इससे अब केंद्रीय कर्मियों का कुल मंहगाई भत्ता 42 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी हो गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले से केंद्र सरकार के 48 लाख कर्मचारियों के साथ ही 68 लाख पेंशन भोगियों को भी फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि बढ़ा हुआ मंहगाई भत्ता 1 जुलाई से देय होगा इस फैसले से सरकार पर 12,857 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा।

## रेलवे कर्मियों को मिलेगा 78 दिनों का बोनस

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंहगाई भत्ते के साथ ही रेलवे कर्मियों के बोनस को भी मंजूरी दे है। इस साल रेलवे के गैर राजपत्रित 11 लाख 7 हजार 340 कर्मियों को उनके 78दिन के वेतन के बराबर बोनस दिया जाएगा। इस पर सरकार के ऊपर 1969 करोड़ रुपए का अधिभार पड़ेगा। बतादें कि उत्पादकता पर आधारित यह बोनस रेल कर्मियों को साल 2010–11 से ही दिया जा रहा है।

# कर्नाटक सरकार को गिराने का प्रयास कर रही भाजपा



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें राज्य में कांग्रेस सरकार को गिराने की भाजपा की कोशिश की जानकारी है।

उन्होंने कहा कि मैं यह जानता हूं भाजपा कांग्रेस सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। सभी विधायक आ रहे हैं और मुख्यमंत्री मुझे बता रहे हैं कि कौन भाजपा के संपर्क में है। वे हमें यह भी बता रहे हैं कि उन्हें क्या पेशकश की जा रही है। जब शिवकुमार से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने की भाजपा की कोशिश के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा सत्र होने दीजिए। मेरे पास सारी जानकारी है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि जिन लोगों से संपर्क किया गया है। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को संबोधित कलेक्शन मास्टर पोस्टर जारी करने को लेकर हुए विवाद का जवाब देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए 2,500 करोड़ की भारी रकम एकत्र की गई थी। इससे पहले शिवकुमार ने आरोप लगाया था कि इनकम टैक्स द्वारा जब्त की गई 94 करोड़ रुपए की रकम भाजपा नेताओं की है। उन्होंने कहा कि नकदी और कांग्रेस पार्टी के बीच कोई संबंध नहीं है। भाजपा नेताओं के इस आरोप पर कि ताजा घटनाक्रम से कांग्रेस आलाकमान हिल गया है, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस आलाकमान नहीं, बल्कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व हिल गया है। भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया था, और आयकर छापों के दौरान जब्त किए गए धन के स्रोत का पता लगाने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग की थी।

## सार-समाचार

### प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल केंद्रों का शुभारंभ करेंगे मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराष्ट्र में 511 प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल विकास केंद्रों का शुभारंभ करेंगे। यह केंद्र महाराष्ट्र के 34 जिलों में स्थापित किए जा रहे हैं। ग्रामीण कौशल विकास केंद्र विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएंगे जिनसे ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रत्येक केंद्र कम से कम दो व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में लगभग 100 युवाओं को प्रशिक्षित करेगा। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के तहत सूचीबद्ध उद्योग जगत के भागीदारों और एजेंसियों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इन केंद्रों की स्थापना से अधिक सक्षम एवं कुशल जनशक्ति तैयार करने में मदद मिलेगी।

### पुरकायस्थ की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके मानव संसाधन (एचआर) प्रमुख अमित चक्रवर्ती की अयाचिका पर वह गुरुवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बी आर गवाई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यह कहते हुए सुनवाई 19 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी कि वह संबंधित फाइल का अवलोकन करना चाहती है। इससे पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और देवदत्त कामत ने पीठ के समक्ष कहा कि मामले में नोटिस जारी किया जाना चाहिए।

### गोवा में पर्यटकों को बंधक बनान के आरोप में 3 गिरफ्तार

**पणजी, एजेंसी।** गोवा पुलिस ने कथित तौर पर दो पर्यटकों को बंधक बनाने और यूपीआई से उनके पैसे लूटने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कैलंगुट पुलिस ने बताया कि कर्नाटक के कोलार के 39 वर्षीय एस सतीशकुमार शेट्टी की शिकायत पर मामले की जांच की गई। बाद में इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता ने कहा है कि एक पर्यटक गाइड/दलाल उसे और उसके दोस्त को एक कमरे में ले गया और कैद कर लिया। पुलिस ने कहा कि बाद में आरोपी व्यक्तियों ने उनके साथ मारपीट की और जबरन यूपीआई लेनदेन के माध्यम से 30,000 रुपये हस्तांतरित करा लिए।

### आईआईटी खड़गपुर में छात्र का शव लटका मिला

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिले के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)–खड़गपुर के छात्र का शव बुधवार को हॉस्टल में रहस्यमय परिस्थितियों में बरामद किया गया है। मृतक की पहचान तेलंगाना निवासी के. किरण चंद्रा (21) के रूप में हुई है। वह इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का छात्र था। तेलंगाना में चंद्रा के माता–पिता को घटना की जानकारी दे दी गई है। मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है।

### पाक ने जम्मू सीमा पर की गोलीबारी, 2 घायल

**जम्मू, एजेंसी।** पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। मंगलवार रात लगभग सवा नौ बजे पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसएफ जवानों की ओर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि अरनिया सेक्टर में बीएसएफ के जवानों ने गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में घायल हुए बीएसएफ के दो जवानों को तत्काल वहां से निकाला गया और उन्हें चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराया गया।

### ओडिशा के सिमलीपाल रिजर्व में बाघों की गणना शुरू

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में स्थित सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना बुधवार को शुरू हुई। मयूरभंज जिले के सतकोसिया, कप्टीपाड़ा, बिसोई, रायरंगपुर और करंजिया उपमंडलों के वन क्षेत्रों में तीन चरणों में गणना की जाएगी। पहले चरण में, 18 से 20 अक्टूबर तक पगमार्क के माध्यम से गणना की जाएगी और दूसरे चरण में 25 से 28 अक्टूबर तक राज्य में बाघों की आबादी जानने के लिए अनुप्रस्थ सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में एक नवंबर से 25 नवंबर तक कैमरा ट्रैपिंग विधि के माध्यम से गणना की जाएगी।

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामला

# आजम खान, पत्नी और बेटे को 7 साल की सजा

**रामपुर, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में रामपुर की एक अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने बुधवार को आजम खान, अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीन फात्मा को सात साल की सजा सुनाई है।

एमपी–एमएलए मजिस्ट्रेट शोभित बंसल की कोर्ट ने दो जन्म प्रमाणपत्र के 2019 के मामले में आजम खान, तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराया और अधिकतम सात साल की सजा सुनाई। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में गंज थाने में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया था, जिसमें सपा नेता आजम खान और उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा को भी आरोपी बनाया गया था। आरोप पत्र के मुताबिक, रामपुर नगर पालिका द्वारा जारी एक जन्म प्रमाणपत्र में, अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि एक जनवरी, 1993 बताई गई थी। दूसरे प्रमाणपत्र के अनुसार उनका जन्म 30 सितंबर, 1990 को लखनऊ में हुआ था। आरोप था कि अब्दुल्ला ने अपने दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाए हैं, जिनमें एक रामपुर नगरपालिका परिषद से, जबकि दूसरा प्रमाणपत्र लखनऊ नगर निगम से बनवाया।

# उच्च न्यायालयों के 16 जजों के तबादले

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बुधवार को विभिन्न उच्च न्यायालयों के 16 न्यायाधीशों के तबादले की घोषणा की।

न्यायमूर्ति एस पी केसरवानी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति राज मोहन सिंह को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति नरेंद्र को कर्नाटक उच्च न्यायालय से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार न्यायमूर्ति सुधीर सिंह को पटना उच्च न्यायालय से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति एम वी मुरलीधरन को मणिपुर उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद को पटना उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय तबादला किया गया है।

न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अवनीश झिंगन और न्यायमूर्ति अरुण मोंगा को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से राजस्थान उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार–4 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति नानी टागिया को गुहाटी उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति सी मानवेद्रनाथ रॉय को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से गुजरात उच्च न्यायालय तबादला किया गया है।

न्यायमूर्ति मुन्नूरी लक्ष्मण को तेलंगाना उच्च न्यायालय से राजस्थान उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति जी अनुपमा चक्रवर्ती को तेलंगाना उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति लपिता बनर्जी को कलकत्ता उच्च न्यायालय से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय और अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति दुप्पला वेंकट रमन्ना को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है।

सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड

# दिल्ली की अदालत ने 5 को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में चार आरोपियों को मकोका प्रावधानों के तहत और एक को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने में मदद करने के लिए दोषी ठहराया है।

साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने 13 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया है। चार आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत और अजय सेठी को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने के लिए दोषी ठहराया गया है। अब सजा के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की गई है। 13 अक्टूबर को न्यायाधीश ने अतिरिक्त दलीलों या स्पष्टीकरण के लिए समय दिया था क्योंकि बचाव और अभियोजन दोनों ने इस महीने की शुरुआत में अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं। अदालत ने फैसला सुनाए जाने के समय सभी आरोपियों को अदालत में उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया था।

गौरतलब है कि 30 सितंबर 2008 को सौम्या विश्वनाथन देर रात अपनी कार से घर लौट रही थीं, उसी दौरान उनकी नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों को हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था और वे मार्च 2009 से हिरासत में हैं। पुलिस ने उसकी हत्या का कारण डकैती बताया था और आरोपियों पर कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध रोकथाम अधिनियम (मकोका) लगाया था। बलजीत मलिक और दो अन्य आरोपी रवि कपूर तथा अमित शुक्ला को 2009 में आईटी पेशेवर जिगिशा घोष हत्या मामले में दोषी ठहराया जा चुका है। घोष की हत्या में ट्रायल कोर्ट ने रवि कपूर, शुक्ला को मौत की सजा सुनाई और मलिक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## सार समाचार

### युवा उत्सव के दूसरे दिन छात्राओं ने बनाएं क्ले के मॉडलिंग



**गुना, देशबन्धु।** शासकीय कस्तूरबा महाविद्यालय गुना में चल रहे महाविद्यालयीन युवा उत्सव के द्वितीय दिवस पोस्टर मेकिंग, स्थल चित्रण एवं क्ले मॉडलिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने भागीदारी की। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. विनीता जैन के द्वारा सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी गई। महाविद्यालय में युवा-उत्सव के दूसरे दिन की प्रतियोगिताएँ कीर्ति सोनी और प्रशांत आर्य के द्वारा संपन्न करवायी गयी। प्रीति यादव, श्रीमती सोनू सिसोदिया, आशा बाथम ने प्रतियोगिता मे निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन किया। प्रतियोगिता के अंत में युवा उत्सव प्रभारी पूनम पारीक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में केवी बुनकर, केके नंदा, अनूप श्रीवास्तव, दिवाकर तिवारी, जावेद अली, मिथुन धाकड़, अशोक कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

### रोड पर घूमता मिला जिलाबदर का आरोपी

**गुना, देशबन्धु।** जिले की म्याना थाना पुलिस द्वारा जिलाबदर का आरोपी जिले में घूमते हुए गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस पुलिस को सूचना मिली थी कि म्याना थाने का जिला बदर आरोपी अरविन्द रघुवंशी निवासी मिनख्याई अभी डुंगासरा रोड पर घूम रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, तो एक व्यक्ति मुखविर द्वारा बताये हुलिये का दिखा जो पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगा। जिसको पुलिस ने घेराबंदी कर धरदबोचा। जिसने पूछताछ में अपना नाम अरविन्द पुत्र रामसिहं रघुवंशी निवासी मिनख्याई बताया। आरोपी को कलेक्टर गुना द्वारा 10 नवंबर 22 को जिलाबदर का आदेश दिया था। जिले में घूमते पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रासुका के तहत जेल भेजा है।

### मारपीट मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट के एक मामले में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। दरअसल आगामी विधानसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार खत्री द्वारा जिले में फरार वारंटियों, इनामी बदमाशों आदि सहित विभिन्न अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड हेतु अधीनस्थों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसी सिलसिले में सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा गुना कोतवाली के अपराध क्रमांक 387/18 धारा 323, 294, 506 भादवि एवं न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 960/18 में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी गोलू पुत्र कल्लू अहिरवार निवासी श्रीराम कॉलोनी के संबंध में बुधवार को मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव के अलावा अभिषेक तिवारी, जितेन्द्र सिंह, दीपक शर्मा एवं नितिन शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है ।

नपाध्यक्ष का पति मैनेजमेंट

# भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले उपाध्यक्ष के खिलाफ पार्षदों को कराया लामबंद

▸ नपा के 32 पार्षदों ने निंदा प्रस्ताव पारित कर आरोपों को बताया झूठा



**गुना, देशबन्धु।** शहर में सीवर लाईन मरम्मत को घिरी नपाध्यक्ष के मामले में अब अध्यक्ष के पति और नपा में विधायक प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता ने एक बार फिर अपने तगड़ा मैनेजमेंट दिखाते हुए विरोधियों को घेरा है। नपा उपाध्यक्ष द्वारा नपाध्यक्ष एवं सीएमओ पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सीवर लाईन ठेकेदार को भुगतान करने के आरोपों पर अब नपाध्यक्ष ने रिकॉर्ड 32 पार्षदों को लामबंद कर उल्टे उपाध्यक्ष के खिलाफ ही निंदा प्रस्ताव पारित कर दिया। दरअसल मैनेजमेंट के माहिर खिलाड़ी अरविंद गुप्ता ने भाजपा के नपा उपाध्यक्ष द्वारा नपाध्यक्ष को घेरने की कोशिशों को नाकाम कर दिया। अब लगभग 32 पार्षदों ने एक निंदा प्रस्ताव पारित कर नपा उपाध्यक्ष के उक्त आरोपों को झूठा बताया।

इस बारे में नपाध्यक्ष सविता गुप्ता ने बताया कि शहर के विकास के डामरीकरण, सीसी रोड के निर्माण कार्य जो की कायाकल्प अभियान एवं शहरी विकास अधो संरचना फेस 4 के अंतर्गत मप्र शासन द्वारा 11.50 करोड रुपए की लागत से बिना किसी दलगत राजनीति के शहर के 27 - 28 वार्डों के निर्माण कार्य होना है। नपाध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने बताया कि उक्त कार्यों की परिषद के लगभग 32 पार्षदों द्वारा हस्ताक्षर कर विकास कार्य अविलम्ब होना चाहिए। ऐसी सहमति दी गई है कि कि नपा उपाध्यक्ष द्वारा इन कार्यों का विरोध किया जा रहा है, जो कि शहर विकास के हित में नहीं है। कार्य शहर की जनता की सुविधा के लिए होना ही चाहिए। सभी 32 पार्षदों ने सहमति देते हुए नपा उपाध्यक्ष के आरोपों को गलत ,झूठा बताते हुए उनकी निंदा की है। विगत दिनों भूमिपूजन के पश्चात उक्त कार्यों का विरोध करते हुए जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया था। जबकि उनके द्वारा ही इन सभी कार्यों के भूमि पूजन के दौरान तारीफ की गई थी,और बाद में विरोध किया जा रहा है।

इस संबंध में 32 पार्षदों द्वारा हस्ताक्षर कर उपाध्यक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों की निंदा की है। तथा सभी विकास कार्यों को सतत रूप से जारी रखने पर सहमति जताई है। शहर विकास में नपा के अधिकांश पार्षद एकमत है तथा जिन कार्यों के भूमि पूजन हो चुके हैं। उन्हें तेजी से पूरा कराना चाहिए जिससे दीपावली जैसे त्यौहारों पर शहर के मार्गों पर आवागमन के दौरान लोगों को धूल का सामना न करना पड़े। नपा उपाध्यक्ष के बयान की निंदा करने वाले पार्षदों में राधा भगवान कुशवाह, ओम प्रकाश कुशवाह, फूलबाई रामबली ओझा, नीता शिवनारायण कुशवाह, बबीता राजेश साहू, तरुण सेन, संध्या अशोक सोनी, कीर्ति सरवैया, तरुण मालवीय, सचिन धूरिया, अजब बाई बहादुर सिंह, राजू ओझा, राजकुमारी लक्ष्मण जाटव, कृष्णा मौर्य, राम मूर्ति कुशवाह, अनीता महेंद्र कुशवाह, हलीम उल्ला गाजी, महेश कुशवाह, सुशीला जगदीश कुशवाह, कैलाश धाकड़, अतुल गौड़, अलका दिनेश कोरी, तरन्नुम खान, मांगी बाई उर्फ ममता तोमर, कल्याण लोधा, बिमला गोपाल साहू, सुमन लालाराम लोधा, सुनीता बसंत शर्मा, रामवीर जाटव, दिनेश शर्मा, बृजेश राठौर आदि प्रमुख हैं।

## बाईक बचाने के चक्कर में पलटा हार्वेस्टर, पंजाब निवासी चालक की मौत



**गुना, देशबन्धु।** जिले के म्याना थाना अंतर्गत मानपुर के पास बुधवार सुबह हार्वेस्टर पलट गया। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में हार्वेस्टर पलट गया और ये हादसा घटित हो गया।

फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। म्याना थाना के ग्राम पूनमखेड़ी से सुबह करीब 7.30 बजे हार्वेस्टर भदौरा जाने के लिए निकला था। हार्वेस्टर को भगवंत सिंह पुत्र बसी सिंह सिख (35) निवासी ग्राम फग्गन माजरा, जिला पटियाला, पंजाब चला रहा था। उसके साथ बलविंदर सिंह भी हार्वेस्टर पर मौजूद था। पूनमखेड़ी से निकलने के बाद हार्वेस्टर मानपुर तक पहुंचा ही था कि बाइक को बचाने के प्रयास में हार्वेस्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

हादसे में चालक भगवंत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बलविंदरसिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने परिजनों को सूचना कर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जिला चिकित्सालय में स्तन कैंसर जागरुकता और जांच शिविर लगाया



**सीहोर, देशबन्धु।** जिला चिकित्सालय में बुधवार को स्तन कैंसर जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में बीमार महिलाओं का परीक्षण कर परामर्श दिया गया। स्तन कैंसर शिविर का आयोजन जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा एवं अनुसंधान केन्द्र भोपाल की ओर से आयोजित किया गया था। मरीजों की बढ़ती हुई तादाद के मद्देनजर सुझाव और परामर्श देने के लिए यह शिविर लगाया गया। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा व अनुसंधान केंद्र की प्रबंध निदेशिका श्रीमती दिव्या पाराशर के आव्हान पर सीहोर में भी जिला चिकित्सालय में स्तन कैंसर जागरुकता व जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जवाहरलाल नेहरू कैंसर चिकित्सा के वरिष्ठ चिकित्सक डा. विधि गुप्ता एवं डा. अलका सिंह द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया।

अस्पताल की अध्यक्ष श्रीमती आशा जोशी द्वारा इस जागरुकता अभियान में शामिल होने के लिए लोगों का धन्यवाद किया है। इसी कड़ी में कल शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्तन कैंसर जागरुकता और जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### महासभा की राष्ट्रीय मंत्री बनीं हर्षा



**सीहोर, देशबन्धु।** राठौर क्षत्रिय समाज सीहोर की महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती हर्षा राठौर को अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय समाज महासभा राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है। श्रीमती राठौर को यह दायित्व सौंपे जाने पर राठौर क्षत्रिय समाज अध्यक्ष सतीश राठौर, उपाध्यक्ष दिलीप राठौर, त्रिलोकचंद राठौर, महामंत्री जितेंद्र राठौर, श्रीमती गीता राठौर, नूतन राठौर, सविता राठौर, सुनीता राठौर सहित समस्त राठौर क्षत्रिय समाज ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## जागृति गरबा महोत्सव का शुभांरभ आज, 21 को होगा समापन



**सीहोर, देशबन्धु।** टाउन हाल में 3 दिवसीय 3 दिवसीय जागृति गरबा महोत्सव का गुरुवार से शुभांरभ होगा। यह आयोजन 21 अक्टूबर तक निरंतर चलेगा। इसके लिए विगत 8 अक्टूबर से युवतियों को गरबा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में युवतियों ने रूचि दिखाई और बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस बार महोत्सव में अनेक झांकियां प्रदर्शित होंगी व सुप्रसिद्ध घूमर नृत्य देखने को मिलेगा। गरबे में सभी को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जाग्रति गरबा महोत्सव का आयोजन श्रीमती जागृति लोधी द्वारा ड्रीम गर्ल ब्यूटी ऑर्गनाईजेशन के तत्वाधान में किया जा रहा है। श्रीमती लोधी ने बताया कि गरबा महोत्सव में भोपाल के कोडियोग्राफर अमित राय द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महोत्सव में महिला सम्मान और कुटीर उद्योग करने वाली परिश्रमी महिलाओं को भी सम्मान मिलेगा और स्टॉल भी लगाए जाएंगे। आयोजन के संयोजक मनोज लोधी ने बताया कि बीते साल भी गरबा महोत्सव में 16 सौ महिलाओं और युवतियों ने भाग लेकर मध्यप्रदेश के गरबा महोत्सव का रिकार्ड तोड़ा था और बॉलीवुड अभिनेता प्रीति झिन्यानी गरबे का मुख्य आकर्षण रहीं और उन्होंने महिलाओं और प्रतिनिधियों का सम्मान भी किया है।

## मतदाता जागरुकता अभियान : रंगोली बनाकर मतदान के लिए कर रहे जागरुक

**सीहोर, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ सीहोर के तत्वाधान में शासकीय कन्या कस्तूरबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर एवं कोठरी की गाइड द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान के तहत रंगोली बनाकर मतदान के लिए जागृत किया गया। विद्यालय की गाइड शिक्षिका स्वाति व प्राचार्या श्रीमती नीना दुबे टीम को विभिन्न प्रकार की रंगोलिया तैयार करने प्रेरित किया। भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश में स्वीप प्लान के रूप में प्रदेश के समस्त जिलों के स्काउट गाइड यूनिट्स द्वारा रैली विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं शपथ कार्यक्रम आदि का आयोजन विकासखंड, संकुल एवं विद्यालय स्तर पर किया जा रहा है। जिसमें शासकीय सीएम राइज उमावि भेरुंद, लाडकुई आष्टा, कोठरी ,खड़ी, आष्टा खजुरिया कासम, माध्यमिक शाला बोरखेड़ा, आवासीय विद्यालय सीहोर,एक्सीलेस स्कूल सीहोर सहित अधिकांश विद्यालय के स्काउट/गाइड यूनिट ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे है। जिला संगठन आयुक्त राजेश




मेवाडे,जिला सचिव रमेश मेवाड़ा, प्राचार्य आलोक शर्मा,सन्तोष सोनी,अंकुर शर्मा ने सभी प्रतिभागियो का उत्साहवर्धन किया।

## स्व. कासलीवाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए



**आष्टा, देशबन्धु।** अंचल के हल्को में भाई जी की उपाधि सामाजिक एवं धार्मिक जगत में अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखी जाती है। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ0 शंकर दयाल शर्मा एवं पूर्व मंत्री तथा स्थानीय विधायक रहे स्व. उमरावसिंह के साथ सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक जगत में कार्य कर चुके स्व. भाई जी फूलचंद कासलीवाल की लगभग डेढ़ दशक पूर्व मृत्यु पश्चात उनके ज्येष्ठ पुत्र अशोक कासलीवाल को भाई जी की सामाजिक, धार्मिक उपाधि से सभी समाज ने सम्मानित किया। भाईजी श्री अशोक कासलीवाल के 3 दिवस पूर्व स्वर्गवास पश्चात आज उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा में प्रभुप्रेमी संघ आष्टा ने आचार्य जुनापीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद जी गिरि के निर्देशानुसार श्रद्धांजलि पत्रक के रूप में श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रभुप्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप जैन प्रगति ने श्रद्धांजलि पत्रक का वाचन कर स्व. अशोक कासलीवाल भाईजी के सामाजिक, धार्मिक योगदान को सराहा तथा स्वामी जी की ओर से भी श्रद्धांजलि प्रस्तुत की।

भाईजी के सुपुत्र मोहित कासलीवाल, सुमित कासलीवाल तथा बंधुगण महेश कासलीवाल, सुरेश कासलीवाल, कमल कासलीवाल, पारिवारिक सहयोगी नरेन्द्र गंगवाल को श्रद्धांजलि पत्रक प्रभुप्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार, संरक्षकगण रामेश्वर खण्डेलवाल, प्रहलादसिंह वर्मा, महासचिव प्रदीप प्रगति, श्वेताम्बर जैन समाज से लोकेन्द्र बनवट, अभिषेक सुराणा, दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष आनंद पोरवाल, पूर्व अध्यक्ष यतेन्द्र जैन भुरू, संजय जैन किला, युवा प्रभुप्रेमी संघ से शुभम शर्मा, अनिल धनगर, नरेन्द्र कुशवाह, वीरेन्द्र परमार एडवोकेट राज परमार आदि ने सौंपा।

## बस चालकों की मनमानी और एजेंटों की दादागिरी बनी परेशानी का कारण

दुर्घटना का बना रहता है खतरा, विवाद की स्थितियां हो रही निर्मित




**आष्टा, देशबन्धु।** इंदौर-भोपाल के बीच चलने वाली निजी बस चालक जहां मनमानीपूर्ण रवैया अपनाए हुए हैं, वहीं एजेंटों की दादागिरी से लोग खासे परेशान हैं। बसों के सड़क पर खड़े होने से जहां दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं बस एजेंट खुली दादगिरी कर अवैध वसूली करते हैं, जिससे कभी किसी बड़े विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है।

मालूम हो कि शहर के बस स्टैंड पर बसों के खड़े होने के लिए पर्याप्ज जगह और सुविधा है। इसके बाद भी सवारी के लिए कई बार निजी बस संचालक अपनी बसों को सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं, जिससे कि रोड पर खड़े होने के कारण लंबी-लंबी लाइनें लग जाती हैं। बस चालक और एजेंट द्वारा सड़क पर ही लंबे समय तक खड़ी कर सवारियों को बैठाते हैं। वहीं बस स्टैंड से बसे जल्दी निकल जाती हैं। वहीं कुछ बसें बस स्टैंड से अंदर न घुसते हुए रोड पर ही लंबे समय तक खड़ी रहती है। सुबह से लेकर देर रात तक कमोबेश जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार तो लंबी लाइन लग जाती यहां तक कि इमरजेंसी वाहनों को भी साइड नहीं देते है। रहती है।

यहीं विवाद की स्थिति का कारण भी बनती है और पीछे जिस बस का समय होता है। वो भी आकर खड़ी हो जाती है। कई बार दोनों बसों के एजेंट बस चालक और कंडक्टरों के बीच बस आगे बढ़ाने और नहीं बढ़ाने को लेकर तू-तू मैं-मैं से होकर गाली-गलौच तक हो जाती है। पिछली बार एक बड़ा विवाद भी हुआ जो थाने तक पहुंच गया था।

## संभाग स्तरीय जिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में गुना महाविद्यालय जीता



**गुना, देशबन्धु।** संभाग स्तरीय अंतर जिला महाविद्यालय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में गुना महाविद्यालय ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहले मैच में मुरैना को 56-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया है वहीं फाइनल मुकाबला ग्वालियर महाविद्यालय से हुआ। गुना महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ग्वालियर महाविद्यालय की टीम को 58-44 से हराकर लगातार तीसरी बार विजय श्री प्राप्त की। जिला बास्केटबॉल संघ गुना के सचिव अतुल लुंबा ने बताया कि गत दिवस दतिया में आयोजित हुई प्रतियोगिता में गुना महाविद्यालय की ओर से चंद्र प्रताप केवट, शशांक विजयवर्गीय, विराट धाकड़, कृष्ण त्यागी, अभिषेक शर्मा, अजय अहिरवार ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं युवराज जाट, अमन रघुवंशी, मोहित पटवा, दीपक यादव, कार्मेंद्र सिंह, अजय सिंह सिकरवार टीम के सदस्य रहे। उपरोक्त खिलाड़ियों ने शासकीय महाविद्यालय गुना के बास्केटबॉल ग्राउंड पर अंतर्राष्ट्रीय कोच मनोज शर्मा एवं एनआईएस कोच सचिन सक्सेना द्वारा निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त किया। खिलाड़ियों की उपरोक्त सफलता पर शासकीय महाविद्यालय गुना के प्राचार्य बीके तिवारी, हरवीर सिंह रघुवंशी, मुरारी लाल शर्मा, अनिल सूद, सुनील अग्रवाल, मोहन उपाध्याय, गोपाल मिश्रा, विजय पंचोली, परमानंद कुशवाह, हरि कृष्ण शर्मा, नरेंद्र भार्गव, राहुल अग्रवाल, कमल सिंह भदोरिया, विवेक चौरसिया, रमन शर्मा, सचिन शर्मा, बंटी कुशवाह, शुभम गौड़ आदि ने बधाई दी है।

## बाल विवाह के खिलाफ बच्चों ने निकाली रैली, रामलीला के दौरान मंच से दिलाई शपथ



**गुना, देशबन्धु।** जिलेभर में हर वर्ष बड़ी संख्या में बाल विवाह के मामले सामने आते हैं। इनमें से अधिकांश में सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर प्रशासन रूकवा देता है। लेकिन अभी भी ग्रामीण अंचल में जन जागरूकता का आभाव है। इसी क्रम में विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के अंतर्गत बाल विवाह से आजादी के लिए विभिन्न स्कूलों और ग्रामों में जन जागरूकता तथा शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अवसर पर हायर सेकेण्डरी स्कूल ऊमरी, हाईस्कूल बरखेडा हाट, मिडिल स्कूल चकदेवपुर, सरस्वती शिशु मंदिर गुना सहित अन्य स्कूलों में शिक्षक और बच्चों को शपथ दिलाइ गई। वहीं ग्राम सकतपुर में रामलीला मंचन के दौरान सभी को शपथ दिलाई गई। इसका उद्देश्य भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है। इसमे हजारों की संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बाल विवाह बंद करो बचपन को स्वतंत्र करो के नारे लगते सन्देश दिया। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि बाल विवाह अपराध है बच्चों के लिए अभिश्राप है। इसके पूर्व रामलीला मंच पर सामूहिक शपथ लेते हुए कहा कि हम न बाल विवाह करेंगे और बाल विहार रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। जिसमें बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं एवं बच्चियां ने शपथ ली। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि बाल विवाह वो अपराध है जिसने सदियों से हमारे समाज को जकड़ रखा है। प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले को बल विवाह मुक्त बनाने लगातार गतिविधियां की जा रही हैं। गांवों मे स्कूली विद्यार्थियों ने पारंपरिक ढपले और विभिन्न तरीकों से सन्देश दिया। सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के प्रति दिखाई गई प्रतिबद्धता और प्रयासों से जल्द ही एक ऐसे माहौल और तंत्र का मार्ग प्रशस्त होगा। जहां बच्चों के लिए ज्यादा सुरक्षित और निरापद वातावरण होगा। इन दोनों द्वारा साथ मिल कर उठाए गए कदमों और लागू किए गए कानूनों के साथ समाज व समुदाय की भागीदारी 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत सुनिश्चित करेंगी।

# मप्र में सबसे गर्म रहा भोपाल

## फिलहाल गर्मी से राहत के आसार नहीं



**भोपाल, देशबन्धु।** अलग-अलग स्थानों पर बने दो मौसमी सिस्टामों के असर से हवाओं का रुख बदल रहा है। इस वजह से आंशिक बादल बने रहने के बाद भी दिन के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इसी क्रम में बुधवार को प्रदेश में सबसे अधिक 34.9 डिग्री सेल्सियस तापमान भोपाल में दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में उत्तरी पाकिस्तान और उसके आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इसी तरह दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात मौजूद है। इन दो मौसमी सिस्टमों के अतिरिक्त मध्य महाराष्ट्र के आसपास भी एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। इसके प्रभाव से अरब सागर से कुछ नमी आ रही है। इसकी वजह से हवा का रुख दक्षिण-पूर्वी हो रहा है। हालांकि, वातावरण में कुछ नमी रहने के कारण राजधानी सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में आंशिक बादल बने हुए हैं, लेकिन इनकी वजह से अधिकतम तापमान में कमी नहीं हो रही है। हालांकि रात के समय हवा का रुख उत्तरी हो जाने से न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात का सबसे कम 17.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रीवा में दर्ज किया गया। वहीं बुधवार को भोपाल में अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस , न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस, इंदौर में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस, ग्वालियर में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री सेल्सियस, जबलपुर में अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी दो दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। वहीं 22 अक्टूबर को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में आने के संकेत मिले हैं। उसके असर से अधिकतम तापमान में कुछ कमी दर्ज हो सकती है।

# प्रशिक्षक ने पालतू कुत्ते को फांसी पर लटकाया

## 7 मिनट तक तड़पता रहा, फिर हो गई मौत, 3 के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में कुत्तों के एक प्रशिक्षक ने पालतू कुत्ते को फांसी पर लटकाकर उसकी हत्या कर दी। घटना 9 अक्टूबर की है। लेकिन इसका सीसीटीवी वीडियो अब सामने आया है। इस वीडियों में दिख रहा है कि फांसी पर लटका कुत्ता 7 मिनट तक तड़पता रहा फिर दम तोड़ दिया। हालांकि यह पता नहीं चला कि प्रशिक्षण ने ऐसा क्यों किया। लेकिन वीडियो सामने आने पर पुलिस ने ट्रेनर सहित तीन लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता का प्रकरण दर्ज किया है।

मिसरोद थाने के प्रभारी रत्न सिंह परमार ने बताया कि शराब कारोबारी निखिल जायसवाल शाजापुर जिले के कालापीपल में रहते हैं। उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने 1 मई 2023 को अपना पाकिस्तानी बुली डॉग नस्ल का पालतू कुत्ता सुल्तान भोपाल के 11 मील स्थित अल्फा डॉग ट्रेनिंग एंड बोर्डिंग सेंटर में प्रशिक्षण के लिए दिया था। इस प्रशिक्षण केंद्र को रवि कुशवाहा चलाता है, जबकि नेहा और तरुण कर्मचारी हैं। कुत्ते के प्रशिक्षण के लिए हर महीने 13 हजार रुपए फीस ली जाती है और कुत्ते के 4 महीने का प्रशिक्षण देकर पूरी तरह प्रशिक्षित किया जाता है। उनके कुत्ते के प्रशिक्षण की अवधि पूरी होने पर उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र में फोन लगाकर कहा कि वे अपने कुत्ते को लेने आ रहे है। इस पर रवि ने कहा कि कुत्ते को अभी एक और महीने के प्रशिक्षण की जरुरत है। एक महीने और बीतने के बाद जब उन्होंने फोन किया तो रवि ने फिर से बहाना बनाकर बात को टाल दिया। इसके बाद 6 अक्टूबर को रवि का फोन आया तो कहा कि कुत्ते की सांसे नहीं चल रही हैं। इस पर उन्होंने कहा कि किसी पशु चिकित्सक को दिखाए, लेकिन थोड़ी देर बाद ही रवि ने फिर से फोन कर बताया कि कुत्ते की मौत हो चुकी है। निखिल तुरंत ही अपने श्वान को लेने भोपाल आ गए। उन्होंने रवि से सीसीटीवी कैमरे की तस्वीरें दिखाने को कहा तो वे टालमटोल करते रहा और 3 घंटे यह कहकर मना कर दिया रिकॉर्डिंग डाउनलोड नहीं हो रही है। इतना ही नहीं उसने कुत्ते का पोस्टमार्टम भी नहीं करने दिया। उस दिन तो कुत्ते को वापस लेकर चले गए, लेकिन इसके बाद वापस आकर उन्होंने थाने में शिकायत की।



इधर निखिल की शिकायत के बाद पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र पहुंची और शुरुआती पूछताछ के बाद सीसीटीवी वीडियो जब्त कर लिए। इस वीडियो में दिखाई दे रहा है कि पहले नेहा कुत्ते को गेट पर लटका रही है। इसके बाद रवि और तरुण वहां पहुंचे। उन्होंने फंदा बनाकर कुत्ते के गले में डाल दिया। तीनों ने उसे तब तक लटकाकर रखा, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। यह वीडियों देखने के बाद पुलिस ने रवि, तरुण और नेहा के खिलाफ पशु करूरता अधिनियम का मामला दर्ज कर लिया है। मिसरोद थाने के प्रभारी ने बताया कि तीनों आरोपियों को नोटिस देकर छोड़ दिया गया है। चूंकि जिन धाराओं में प्रकरण दर्ज है, वह थाने से जमानती है।

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र ने की खुदकुशी

## खुदकुशी के पहले मां और पंडितजी को बताया तनाव में हूं, जीना नहीं चाहता

भोपाल, देशबन्धु। कोलार थाना क्षेत्र में रहने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया गया है कि खुदकुशी से पहले उसने मां और गांव में रहने वाले पंडित जी को फोन किया। दोनों को बताया, डिप्रेशन में हूं, अकेला रहकर थक गया हूं। अब जीना नहीं चाहता। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।



पुलिस ने बताया कि बृजेश पटेल पुत्र छोटे लाल उम्र 24 वर्ष मूलतः तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर का रहने वाला था। वह यहां ललिता नगर में किराए के मकान में अकेला रहकर डोमिनोज़ पिज्जा में सामग्री आपूर्तिकर्ता का काम करता था। इसके साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर था। मंगलवार रात उसने अपने कमरे में पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना का पता चलने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव फंदे से उतारा और मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही परिजनों को घटना जानकारी दी गई। इधर ब्रजेश के परिजन बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव को लेकर नरसिंहपुर स्थित गांव रवाना हो गए हैं।

पुलिस को मृतक के पास से कोई पत्र नहीं मिला है। इसके चलते खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं नहीं हो सका है। लेकिन मृतक के ममेरे भाई आनंद पटेल ने बताया कि बृजेश 8 महीने पहले भोपाल में रहने आया था। मंगलवार शाम उसने मां को फोन किया, बताया कि अकेला रहकर थक गया हूं, अवसाद में हूं, परेशान हूं। कहीं दिल नहीं लगता। मां ने उसे समझाइश दी थी, इसके बाद उसने गांव में ही रहने वाले पंडितजी को फोन किये और उन्हें भी वही बातें कहीं जो उसने मां से कहीं थी। उन्होंने भी समझाया पर बृजेश पर कोई असर नहीं हुआ। इसके कुछ देर बाद उसकी मौत की खबर आ गई। हालांकि वह तनाव में क्यों था, इसका जवाब उसने किसी को नहीं दिया था। न ही कोई परेशानी का जिक्र भी परिजनों से नहीं किया।

# कारोबारी ने खुद को मारा चाकू, मौत

## नशे में पत्नी से हुई थी कहासुनी, जख्मी हालत में रात भर सोता रहा

**भोपाल, देशबन्धु।** एक पान मसाला कारोबारी ने खुद को चाकू मार लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि वह शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा था। इसके चलते पत्नी से कहासुनी के बाद गुस्से में उसने खुद के पेट पर वार कर लिया। वहीं घाव मामूली नजर आया तो पत्नी ने हल्दी लगा दी। इससे वह जख्मी हालत में रात भर सोता रहा। अगले दिन एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से हमीदिया रैफर कर दिया। यहां 24 घंटे चले उपचार के बाद बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। इधर, पुलिस को पूरा मामला संदिग्ध लग रहा है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।



बाग सेवनिया थाना प्रभारी अमित सोनी ने बताया कि साकेत नगर निवासी आशीष कुमार पिता असीम कुमार दास उम्र 38 वर्ष अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पास पान-मसाला की दुकान चलाते थे। वे कभी-कभार ही शराब पीते थे। लेकिन गत 14 अक्टूबर की रात दुकान से लौटे तो नशे में धुत थे। ऐसे में पत्नी प्रतिभा दास ने उनसे इतनी शराब पीने की वजह पूछ ली। इस पर दोनों के बीच बहस हो गई। इससे गुस्साएं आशीष ने सब्जी काटने वाला चाकू उठा लिया। यह देख पत्नी उसे रोकती तब तक उसने अपने पेट पर वार कर लिया। इससे उसके पेट से खून निकलने लगा। लिहाजा पत्नी ने खून साफ किया तो घाव ज्यादा नहीं था। इसके बावजूद पत्नी ने उससे अस्पताल चलने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया, और सो गया। इस पर पत्नी ने उसके जख्म पर हल्दी लगा दी। अगले दिन आशीष को तबीयत खराब लग रही थी। उसने पेट दर्द की बात कही तो पत्नी ने उसे पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से 16 अक्टूबर को उन्हें हमीदिया रैफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इधर हमीदिया अस्पताल स्थित शव गृह के बाहर मौजूद आशीष की पत्नी प्रतिभा दास का रो रोकर बुरा हाल था। उन्होंने बताया कि उसका एक बेटा है। मैंने सपने में भी नहीं सोचा था इतने साधारण से दिखने वाले घाव के कारण पति की जान चली जाएगी।

# नेपाल से लाई गई करीब 2 करोड़ रूपए की 10 किलो चरस जब्त

**भोपाल, देशबन्धु।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने बिहार के रास्ते नेपाल से भोपाल लाई गई 1 करोड़ 85 लाख रुपए कीमत की 10 किलो 10 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तीन मोबाइल फोन, नकद रुपए और वारदात में उपयोग की गई एक स्कूटर जब्त की गई है। बताया गया है कि यह आरोपी पहले भी नेपाल से चरस लाकर भोपाल में आपूर्ति कर चुके थे।

डीसीपी क्राइम ब्रांच श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति कोच फैक्ट्री के पीछे भानपुर जाने वाले कच्चे रास्ते पर खड़े होकर किसी का इंतजार कर रहे हैं, जिनके बाद बड़ी मात्रा में चरस रखी हो सकती है। इस सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर भेजी गई। टीम जब बताए गए पते पर पहुंची तो वहां एक स्कूटर के साथ तीन युवक दिखाई दिए, जो पुलिस को देखकर स्कूटर पर बैठकर भागने लगे। टीम ने घेराबंदी कर तीनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में स्कूटर चालक ने अपना नाम सलमान खान उम्र 30 वर्ष निवासी पठारवाली गली जीपीओ के पीछे शाहजहांनाबाद, जबकि पीछे बैठने वालों ने अपने नाम सोनू कुमार उम्र 19 वर्ष और बीरकिशोर साहनी उर्फ अंजनी उम्र 36 वर्ष दोनों निवासी जगदीशपुर, खलावा टोला, पश्चिम चंपारण बिहार बताया। तलाशी लेने पर तीनों के पास मोबाइल फोन, 5 हजार 150 रुपए नकद और धारा 500 एनडीपीएस का नोटिस मिला। स्कूटर की डिग्गी खोलकर देखने पर उसके अंदर बीस पैकेट रखे मिले, जिनके खोलकर देंखा तो उसमें चरस निकली, जिसे जब्त किया गया। चरस 10.10 किलोग्राम निकली, जिसकी कीमत 1 करोड़ 85 लाख रुपए बताई गई है। वहीं स्कूटर की डिग्गी में आधार कार्ड और एक गैस कनेक्शन की किताब भी रखी हुई थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ और स्कूटर समेत अन्य सामान जब्त कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उक्त चरस नेपाल से लेकर बिहार से रास्ते भोपाल लाए थे और उसे यही बेचने की योजना थी। यह लोग पहले भी ऐसा कर चुके थे।

### नेशनल आइस स्टॉक स्पोर्ट समर चैंपियनशिप में

# एलएनसीटी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**भोपाल, देशबन्धु।** श्री शिव छत्रपति शिवाजी कॉम्प्लेक्स बालेवाड़ी पुणे में आयोजित नेशनल आइस स्टॉक स्पोर्ट समर चैंपियनशिप 2023 मे एलएनसीटी के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मध्य प्रदेश ने ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया।

चैंपियनशिप मे अंडर 21 युवा महिला वर्ग में एलएनसीटी विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग की बीपीईएस प्रथम वर्ष की रेणू ने टीम टारगेट मे कांस्य पदक, टीम गेम मे रजत पदक, इंडिविजुअल डिस्टेंस में कांस्य पदक एवं बीपीईएस द्वितीय वर्ष की हिमांशी माधवी ने टीम टारगेट इवेंट मे कांस्य पदक, टीम गेम मे रजत पदक, टीम डिस्टेंस मे कांस्य पदक अर्जित किया। अंडर 21 युवा पुरुष वर्ग में बीपीईएस द्वितीय वर्ष के आदित्य राजपूत ने टीम टारगेट इवेंट मे कांस्य पदक अर्जित किया। मध्यप्रदेश आइस स्टॉक टीम मे सीहोर, बेतूल, भोपाल, बीना के खिलाड़ी शामिल थे। टीम का कोच बैतूल की शबाना खान को नियुक्त किया गया था। चैंपियनशिप मे सभी खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर आइस स्टॉक स्पोर्ट एसोसिएशन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष एवं आइस स्टॉक स्पोर्ट्स फेडरेशन के ऑफ़ इंडिया संयुक्त सचिव डॉ. अनुपम चौकसे, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता, वाइस चांसलर डॉ. एनके थापक, रजिस्ट्रार डॉ. अजीत सोनी, डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. अशोक राय, आइस स्टॉक स्पोर्ट एसोसिएशन के सचिव पंकज जैन ने उन्हें शुभकामनाएं दी।



# जैविक खेती और प्राकृतिक खेती के विस्तार के लिए प्रयास होंगे : बिलैया

**भोपाल, देशबन्धु।** संयुक्त संचालक कृषि बी.एल.बिलैया ने बताया है कि जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के साथ मिलकर सभी उपाय किए जायेंगे। उन्होंने कहा हैं कि मध्यप्रदेश की खेती- किसानी में बढ़ते पेस्टिसाइड और रासायनिक खाद के उपयोग को रोकने के जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ाया जाएगा। श्री बिलैया ने बताया कि गौशालाओं में निजी भागीदारी भी सुनिश्चित करने के प्रयास करेंगे, जिससे जैविक खाद निर्माण में और अधिक बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। पशुपालन विभाग के साथ कृषि विभाग के वैज्ञानिक अनुसंधान कर संभाग की गौशालाओं को आत्म-निर्भर बनाएंगे। निजी सहभागिता से चलने वाली गौशालाओं की सतत निगरानी की जाएगी, जिससे गौशालाओं का व्यवस्थित संचालन हो। गोबर और गोमूत्र का उपयोग हो और किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद मिल सके।

# जाति प्रमाण पत्र के लिए समग्र आईडी अनिवार्य

**भोपाल, देशबन्धु।** जाति प्रमाण पत्रों की सेवाओ के लिये भी समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। लोक सेवा गारंटी के जिला प्रबंधक ने बताया कि जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़े वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछड़े वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर इसे लाइव कर दिया गया है।

LAKSHMI NARAIN COLLEGE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
(Approved by AICTE, New Delhi and Affiliated to RGPV, Bhopal
Kalchuri Nagar Raisen Road, Bhopal - 462022
Ph. 07556185300-02 (M): 9752466688
Email: LNCTSBHOPAL@LNCTS.in | Website: WWW.LNCTS.IN

APPOINTMENTS

LNCTS (Lakshmi Narain College of Technology & Science), Bhopal has invited application for the post of PRINCIPAL

- Pay & Qualification As per AICTE norms.
- The application with detail Bio-data should reach us by the above address or Mail-ID within 5 days of Publication of this Advertisement.

For details please visit our websites — Secretary

Note : Qualification & salary as per norms. Salary no bar for deserving candidates

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा

(ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता शामली के अंतर्गत SSE/P.Way/BTU खंड में एन आई कार्य के बाद उपकर आपूत द्वारा मिट्टी की कटाई |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | ₹ 7999625.30 |
| 3. | बयाना राशि (रू) | ₹ 160000.00/- |
| 4. | निविदा बोली प्रस्तुत करने तिथि और समय | 27.10.2023 से 10.11.2023 at 15:00 Hrs |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि और समय | 10.11.2023 15.00 Hrs |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध । |


• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: NIT- 32/2023.24/W-2 दिनांक: 17.10.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3233/23

# नवरात्र की धूम के बीच दशहरे की तैयारियां शुरू

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में इन दिनों शारदीय नवरात्र की धूम है। इसके चलते शहर में प्रतिमाओं और झांकियों को देखने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान माता के जयकारें भी गूंज रहे है। इसके साथ मठ मंदिरों और झांकी स्थलों पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन भी हो रहे है। वहीं असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक पर्व दशहरे की तैयारी भी शुरु हो गई है। इसके चलते दशहरे पर दहन किए जाने वाले असत्य के प्रतीक रावण के साथ ही कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों को तैयार किया जा रहा है। चित्र जिंसी जहांगीराबाद में स्थापित देवी प्रतिमा और कलाकारों द्वारा रावण के पुतलों को तैयार किए जाने के।





# खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन लेना अनिवार्य

**भोपाल, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत समस्त प्रकार के छोटे-बड़े खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य लाइसेंस एवम पंजीयन लेना कानूनन अनिवार्य है। बिना लाइसेंस, पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर 6 माह की सजा एवं अधिकतम 2 लाख रूपये तक जुर्माने का प्रावधान है। खाद्य कारोबारकर्ता जो सालाना 12 लाख रूपये से अधिक का खाद्य कारोबार करते हैं उन्हें लायसेंस लेना है, जिसके लिये 2 हजार रूपये का शुल्क प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है। लायसेंस एवं पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज नक्शा, आधार कार्ड की फोटोकापी, दुकान के पते का दस्तावेज, बिजली बिल साथ में लाना होगा।

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल

आम सूचना

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कटारा हिल्स भोपाल में भवन क्रमांक एल.आई.जी. 657 (डुप्लेक्स) मंडल द्वारा श्री दीपक कुमार बोबड़े आत्मज श्री भोलानाथ बोबड़े एवं श्रीमती शिल्पा बोबड़े पत्नी श्री दीपक कुमार बोबड़े के संयुक्त नाम पर आवंटित किय गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26.03.2014 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र एवं मंडल प्रारुप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति 1. श्री विजय पटेल आत्मज श्री मुन्नालाल पटेल, 2. श्री मुन्नालाल पटेल आत्मज श्री झुन्नेलाल एवं 3. श्रीमती फूलबाई पत्नी श्री मुन्नालाल पटेल के संयुक्त नाम हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 24.06.2022 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति 1. विजय पटेल आत्मज श्री मुन्नालाल पटेल, 2. श्री मुन्नालाल पटेल आत्मज श्री झुन्नीलाल एवं 3. श्रीमती फूलबाई पत्नी श्री मुन्नालाल पटेल के संयुक्त नाम पर हस्तांतरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर लिखित रुप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल

भोपाल, गुरूवार 19 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल गांधी का अदानी पर नया हमला

यह आरोप लगाकर कि केन्द्र सरकार द्वारा देशवासियों को महंगी बिजली बेचने का उद्देश्य गौतम अदानी को फायदा पहुंचाना है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुश्किल में डाल दिया है। मोदी और अदानी के रिश्तों को लेकर राहुल पिछले लम्बे समय से अनेक खुलासे करते आ रहे हैं जिसके चलते मोदी समेत पूरी भारतीय जनता पार्टी की भरपूर किरकिरी हो चुकी है। यह मामला न केवल भारत में वरन विदेशों में भी गूंज रहा है। संसद के भीतर हो या बाहर, राहुल और उनकी पार्टी इस मुद्दे को लेकर मोदी की घेराबन्दी करती आ रही है। नये आरोप यानी मोदी-भाजपा की नयी मुसीबत।

बुधवार को राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रसिद्ध अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' में छपी एक रिपोर्ट का हवाला देकर आरोप लगाया कि अदानी ने 12 हजार करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उनका यह भी कहना था कि अदानी की वजह से ही देशवासियों को महंगी बिजली मिलती है। उनके मुताबिक अदानी इंडोनेशिया से कोयला खरीदते हैं और उसका भाव हिन्दुस्तान में दोगुना हो जाता है। अदानी कोयले की कीमत को गलत दिखाते हैं। कांग्रेस नेता का कहना है कि 'लोग जैसे ही बिजली का स्विच ऑन करते हैं, अदानी की जेब में पैसा जाता है। अदानी की रक्षा भारत के प्रधानमंत्री कर रहे हैं। दुनिया के बाकी देशों में जांच हो रही है लेकिन भारत में अदानी को कोरा चेक दिया गया है। अदानी जो चाहे कर सकते हैं।' राहुल का साफ कहना था कि 'लोग 12 हजार करोड़ रुपये का यह आंकड़ा याद रखें।' उन्होंने सवाल किया- 'पीएम अदानी की जांच क्यों नहीं कराते?'

उल्लेखनीय है कि राहुल पिछले वर्ष कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार मोदी व अदानी के बीच सांठ-गांठ का आरोप लगाते रहे। इतना ही नहीं, लोकसभा में भी उन्होंने इस मामले को दमदार तरीके से उठाया था। अदानी के हवाई जहाज में बैठकर प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण के लिये दिल्ली आ रहे मोदी की तस्वीर भी उन्होंने संसद में लहराई थी। इसके चलते खूब हंगामा हुआ था। उनके भाषणों के वे हिस्से विलोपित कर दिये गये थे, जिनमें राहुल ने मोदी-अदानी के रिश्तों तथा इस व्यवसायी के कथित घोटालों की पोल खोली थी। इस सबके चलते गुजरात की एक कोर्ट में 2019 के चुनाव प्रचार के दौरान दिये गये एक भाषण को आधार बनाकर राहुल के खिलाफ दाखिल अवमानना मामले की आनन-फानन में सुनवाई कर उन्हें दो साल की सज़ा दिला दी गई थी। उतनी ही तेज गति से उनकी लोकसभा की सदस्यता छीन ली गई थी। करीब चार माह सदन से बाहर रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर लगाई गई रोक से सदस्यता बहाल हुई थी।

वैसे सदन के भीतर, सदस्यता के निलम्बन के दौरान, वापस आने के बाद और तत्पश्चात सदन के बाहर राहुल की अदानी को लेकर घेराबन्दी हमेशा जारी रही। मोदी शासनकाल में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर बने अदानी को लेकर हिन्डनबर्ग की रिपोर्ट ने मोदी व अदानी को संकट में तो डाला ही था, राहुल को और भी हमलावर बना दिया। उनके बयानों तथा अदानी पर उनके आरोपों की एक तरह से पुष्टि पहले हिन्डनबर्ग रिपोर्ट से हुई। पहले भी प्रतिष्ठित समाचारपत्र 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने अदानी को लेकर बड़े खुलासे किये थे। उसी कड़ी के रूप में अब यह नयी रिपोर्ट आई है जिसके आधार पर राहुल ने ताजा हमला बोला है। निश्चित है कि इससे मोदी और केन्द्र सरकार पर नये सवालिया निशान उठेंगे।

फिर, मोदी पर राहुल का नया आक्रमण ऐसे वक्त पर हो रहा है जब पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिये अगले महीने चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा ये सभी चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ रही है जिनमें उन्हें एक सफल व साफ-सुथरी छवि का नेता के रूप में प्रोजेक्ट किया जा रहा है, वैसे ही जिस प्रकार से पिछले एक दशक से होता आया है। हालांकि उनकी यह छवि पहले ही काफी कुछ दरक चुकी है। साथ ही वे सभी मोर्चों पर पूर्णत: नाकाम प्रधानमंत्री भी साबित हो चुके हैं। फिर भी सरकार व संवैधानिक संस्थाओं पर अपनी मजबूत पकड़, संगठन पर एकाधिकार तथा पिछलग्गू मीडिया के बल पर वे अपनी छवि को कथित रूप से यशस्वी पीएम की बनाये रखने की कोशिश करते हैं। ऐसे वक्त में जब मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में चुनाव हार चुकी है और भाजपा पर भ्रष्टाचारियों के साथ मिलकर राज्य की सरकारें बनाने के आरोप हैं, राहुल के नये आरोपों से मोदी की परेशानियां बढ़ना तय है। पहले ही यह माना जा रहा है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत की गुंजाइश शून्य है, जिसका असर अगले साल के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों पर पड़ेगा। राहुल के इन आरोपों में अगर विपक्षी गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) ने भी अपने सुर मिलाए तो इसकी गूंज निश्चित ही दूर तलक जाएगी। मोदी व भाजपा को होने वाला नुकसान केवल 5 राज्यों तक सीमित न रहकर सभी तरफ होगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक पहले ही कह चुके हैं कि 'अदानी का पैसा दरअसल मोदी का पैसा है और मोदी व भाजपा 2024 का चुनाव अदानी की वजह से हारेंगे।' क्या मलिक की बात सच साबित होने जा रही है? संकेत तो ऐसे ही दिखते हैं।

# जैतून की टहनी का इंतजार

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

ओ गाज़ा के शैतान बच्चो,
तुम, जो लगातार मेरी खिड़की के नीचे आकर चिल्लाते हो
और अपने शोर से मुझे परेशान करते हो
तुम, जो हर सुबह को भागदौड़ से बेतरतीब बना देते हो
तुम, जिन्होंने मेरे प्यारे गुलदान को तोड़ दिया
और तोड़ लिया मेरे बागीचे में लगे इकलौते फूल को
वापस आ जाओ, और चिल्लाओ जी भर के
तोड़ दो सारे गुलदानों को, चुरा लो सारे फूलों को
लेकिन वापस आ जाओ, बस वापस आ जाओ।

फिलिस्तीन कवि, खालिद जुमा
(अंग्रेजी से अनुवाद लेखिका द्वारा)

खालिद जुमा की ये कविता दुनिया के हर शांतिप्रिय इंसान के दिल की आवाज लगती है। बच्चों का शोर घरों से उठकर गलियों, मोहल्लों में होता रहे। किसी की बालकनी में गेंद चली जाए, किसी की खिड़की का शीशा क्रिकेट खेलने में टूट जाए। इन सबसे भले कुछ देर की परेशानी होती है, खीझ होती है, शैतान बच्चों पर गुस्सा आता है, उनके मां-बाप तक शिकायत पहुंच जाती है। लेकिन फिर भी ये शोर और शिकवे-शिकायतें, उस चुप्पी से लाख गुना बेहतर है, जो बमों और राकेटों के धमाकों के बाद चारों ओर पसर जाती है।

बच्चों को स्कूल भेजने की जद्दोजहद में लगे मां-बाप, बरामदों में बैठकर अखबार पढ़ते बुजुर्ग, कचरा फेंकने पर दो पड़ोसियों के बीच की बहस, सड़कों पर निकलते फेरी वाले, गाड़ियों का शोर, बगीचों में चहलकदमी करते लोग, ऐसे कई दृश्य हमारे रोजमर्रा के जीवन में इतने रचे-बसे हुए हैं कि हमें इनकी अहमियत का अहसास ही नहीं होता। तमाम तरह की उलझनों से भरे, मामूली से लगने वाले इस जीवन की क्या कीमत है, ये जंग के शिकार लोग ही बता सकते हैं। फिलिस्तीन के गाज़ा जैसे इलाके के लोग ऐसे ही सामान्य जीवन के लिए अब न जाने कब तक तरसते रहेंगे। इजरायल के फिलिस्तीन पर हमले को दो हफ्ते होने आए हैं, लेकिन युद्ध विराम का कहीं कोई संकेत नहीं मिल रहा। बल्कि अब तो इजरायल सीधे-सीधे नरसंहार पर उतर आया है। युद्ध शुरु होते ही इजरायल की ओर से गाजा क्षेत्र में बिजली, पानी जैसी सुविधाओं की आपूर्ति रोक दी गई। संयुक्त राष्ट्र संघ ने नसीहत दी कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा। लेकिन मौजूदा वैश्विक मंच पर संरा की भूमिका भी घर के उस बूढ़े सदस्य की तरह हो गई है, जिसकी बात लिहाज कर सुनी तो जाती है, लेकिन मानी नहीं जाती। हमास के खात्मे का बीड़ा इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने उसी तरह उठाया है, जैसे 11 सितंबर के हमले के बाद अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को खत्म करने की कसम खा ली थी। लादेन को खत्म करने के फेर में पूरे अफगानिस्तान में तबाही मचा दी गई। 20 सालों बाद वही तालिबान फिर से अफगानिस्तान पर शासन कर रहा है, जिसे खत्म करने के लिए अमेरिका ने अपने हजारों सैनिकों को तैनात कर के एक लंबे युद्ध में अफगानिस्तान को झोंक दिया था। अमेरिका के हिसाब से लादेन पाकिस्तान में घर में घुसकर मार दिया गया। हालांकि उसके बाद लादेन की लाश का क्या हुआ, और आतंकवाद खत्म करने की कसम का क्या हुआ, इस बारे में कौन सवाल करे। सवाल अगर किए जाते तो आज इजरायल वही खेल नहीं खेल रहा होता।

> अस्पताल पर हमला करके इजरायल ने बता दिया है कि वह युद्ध बिना नियम-कायदे के लड़ने में यकीन करता है। हालांकि इसमें बहादुरी नहीं, कायरता दिखती है। बहादुरी तो तब होती, जब इजरायल आतंकवाद को समूल नष्ट करने की कोशिश करता। जो उत्पीड़न यहूदियों ने हिटलर के शासन में भुगता, जिस हिंसा का शिकार 7 अक्टूबर को त्योहार मनाते आम इजरायली लोग हुए, उस हिंसा से दुनिया को महफूज़ रखना ही असली बहादुरी होती।

हमास को जड़ से उखाड़ने के नाम पर इजरायल रोजाना सैकड़ों फिलिस्तनियों को मार रहा है। साढ़े सात सौ से अधिक बच्चे इजरायल के हमले में मारे जा चुके हैं। इजरायल की ओर से चेतावनी दी जा रही है कि इतने घंटे में ये इलाका खाली करो। जैसे कीड़ों-मकोड़ों के सफाए के लिए कीटनाशक का छिड़काव किया जाता है और खुद के मुंह में पट्टी बांध ली जाती है कि उसका नुकसान खुद को न हो, उसी अंदाज में राकेट और बमों का छिड़काव फिलिस्तीन पर करके वहां जीते-जागते इंसानों को कीड़ों की तरह ही खत्म किया जा रहा है। दो-दो विश्वयुद्धों की क्रूरता, हिटलर का कत्लेआम, हिरोशिमा-नागासाकी पर अणु बम से बरसाया गया कहर, ये सब कुछ पिछले सौ सालों में ही दुनिया ने देखा है। सभ्यता का विकास हुआ होता, तो दुनिया इतनी तबाही देखकर युद्ध से तौबा कर लेती। लेकिन हम तो सभ्यता को ठेंगा दिखाते हुए फिर से आदिम युग में लौटने की तैयारी कर रहे हैं। फर्क यही है कि हमने नाखूनों को काटना सीख लिया है, तो प्रहार करने के तरीके बदल गए हैं। अब चालाक इंसान मारक हथियारों से वार करता है, जिसमें इंसान ही नहीं इंसानियत के चिथड़े भी उड़ाए जा सकें। बारुदी हथियारों के अलावा अब झूठी खबरों का हथियार भी इंसान के पास है, और इन दोनों का मेल इतना जबरदस्त होता है कि फिर विरोधी पक्ष का तड़प-तड़प कर मरना तय है।

मंगलवार की रात को ही खबर आई कि इजरायल की वायुसेना ने गाजा के अल अहली अस्पताल पर रॉकेट दागे। इस हमले में कम से कम 5 सौ लोग मारे गए हैं। लेकिन इजरायल ये दावा कर रहा है कि ये हमला उसने नहीं हमास ने किया है। इस हमले का वीडियो भी इजरायल की ओर से जारी किए गए हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वैसी ही तस्वीर वाला एक और वीडियो सामने आया है, जो 2022 का बताया जा रहा है। यानी ये हो सकता है कि इजरायल जिसे हमास के अस्पताल पर हमले का वीडियो बता रहा है, वो पुराना वीडियो हो। हो सकता है इजरायल फेक न्यूज का सहारा लेकर अपनी करनी से बचने की कोशिश रहा है। क्योंकि इस समय दुनिया भर की अवाम फिलिस्तीन के हक में आवाज उठा रही है, खुद इजरायल के कई नागरिक अपनी सरकार से इस बात के लिए नाराज हैं कि वो फिलिस्तीन के आम लोगों को निशाना बना रही है। इजरायल की सरकार के साथ दुनिया के शक्तिशाली नेता तो खड़े दिख रहे हैं, लेकिन जनता की आवाज सरकारों की आवाज से अलग सुनाई दे रही है।

अस्पताल पर हमला करके इजरायल ने बता दिया है कि वह युद्ध बिना नियम-कायदे के लड़ने में यकीन करता है। हालांकि इसमें बहादुरी नहीं, कायरता दिखती है। बहादुरी तो तब होती, जब इजरायल आतंकवाद को समूल नष्ट करने की कोशिश करता। जो उत्पीड़न यहूदियों ने हिटलर के शासन में भुगता, जिस हिंसा का शिकार 7 अक्टूबर को त्योहार मनाते आम इजरायली लोग हुए, उस हिंसा से दुनिया को महफूज़ रखना ही असली बहादुरी होती। मगर बेंजामिन नेतन्याहू की सरपरस्ती में इजरायल फिलिस्तीन को पूरी तरह नक्शे से मिटाने का एक खतरनाक खेल रहा है। धर्म, राष्ट्रवाद, बदला, नफरत सबका एक घातक कॉकटेल तैयार किया गया है, राहुल गांधी ऐसे ही कॉकटेल को कैरोसिन कहते हैं, जो एक बार छिड़क दिया जाए, तो फिर आग को भड़कने से कोई नहीं रोक सकता।

हमास के हमले के बाद इजरायल तुरंत युद्ध छेड़कर ये साबित कर चुका है कि उसकी दिलचस्पी शांति में कतई नहीं है। अगर होती तो हमास के खात्मे के तार्किक तरीके ढूंढे जाते, संयुक्त राष्ट्र संघ की विभिन्न एजेंसियों, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में जाने, आर्थिक प्रतिबंध लगाने जैसे कई और उपायों पर विचार किया जाता। मगर उससे तो समस्या के सुलझने का रास्ता तैयार होता और सत्ता की राजनीति को सुलझे तरीके रास नहीं आते हैं। चीजें उलझी रहें तो हर तरह से मुनाफा लिया जा सकता है। इजरायल यही कर रहा है और अब अमेरिका भी यही कर रहा है। हमेशा की तरह अमेरिका इस लड़ाई में कूद चुका है। जो बाइडेन ने साबित कर दिया है कि डोनाल्ड ट्रंप, बराक ओबामा जैसे अपने तमाम पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों की तरह वे भी अमेरिका की महानता के गुण गाते हुए पूरी दुनिया में लोकतंत्र की रक्षा का बीड़ा उठाएंगे और युद्धग्रस्त क्षेत्रों में दखलंदाजी करके एक पक्ष को अपना साथ देकर शांति का मसीहा बनेंगे। बराक ओबामा को तो शांति का नोबेल पुरस्कार मिल ही चुका है, अब शायद जो बाइडेन भी इजरायल का साथ देकर हमास को खत्म करने में मदद करके ऐसा ही कोई पुरस्कार अपने नाम करवा लें।

दुनिया का चौधरी बनने की अपनी फितरत से अमेरिका बाज नहीं आ रहा। इधर भारत शांतिदूत की भूमिका से पीछे हट ही चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले दिन ही इजरायल पर हमले की आलोचना करते हुए साथ देने की बात कह दी। पांच दिन बाद विदेश मंत्रालय ने फिलिस्तीन के समर्थन में बयान दिया। घर में घुसकर मारने की बात से आह्लादित होने वाले लोगों को मोदीजी का रवैया अच्छा ही लगा। मगर सोचने वाली बात ये है कि फिलिस्तीनियों ने भारत का कभी कुछ नहीं बिगाड़ा है, फिर भारत में बहुत से लोग फिलिस्तीन के विरोध में क्यों हैं। क्या नफरत हमें हमारे घर में घुसकर मारना शुरु कर चुकी है। क्या हमें अपने सामान्य जीवन से ऊब होने लगी है, जो युद्ध में हम अपना रोमांच तलाशने लगे हैं। सत्ताधीश अपने सियासी फायदे के लिए चाहे जो खेल खेलें, मोहरा आम नागरिक ही बनते हैं। इसलिए युद्ध के बादलों के बीच अब उस कपोत को आवाज देनी होगी, जो जैतून की टहनी मुंह में दबाकर लाए और दुनिया को उसके हरेपन से भर दे।

## एक कमजोर रस्सी पर लटका है कर्नाटक जनता दल (एस) और भाजपा का संबंध

■ सुशील कुट्टी

कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) बीच में बंट गई है। यदि संगठन के बाह्य रूप में नहीं, तो कम से कम मनभेद से। पार्टी के बड़े नेता सी एम इब्राहिम इस झगड़े के केंद्र में हैं, जिसने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनके बेटे, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाले गौड़ा परिवार को गठबंधन चुनने के लिए मुश्किल स्थिति में डाल दिया है, और उनके लिए ही दुखद है कि 'सार्वभौमिक राजनीतिक अछूत', भारतीय जनता पार्टी के साथ, जो लोकतांत्रिक दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अमीर राजनीतिक पार्टी भी है।

अब गौड़ा भी पार्टी में खतरनाक दरार के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे कुछ लोग यह कहकर खुद को बेवकूफ बना रहे हैं कि यह विभाजन नहीं है, बल्कि केवल मतभेद है जो बनते-बनते विभाजन में तब्दील हो गया है। सबसे ख़राब स्थिति में, जेडी सेक्युलर एक जर्जर रस्सी से लटका हुआ है और अलार्म बजाने की कोई ज़रूरत नहीं है, भले ही राज्य पार्टी प्रमुख हर किसी को बता रहे हों कि यह मेरा रास्ता है या राजमार्ग।

> अब गौड़ा भी पार्टी में खतरनाक दरार के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे कुछ लोग यह कहकर खुद को बेवकूफ बना रहे हैं कि यह विभाजन नहीं है, बल्कि केवल मतभेद है जो बनते-बनते विभाजन में तब्दील हो गया है। सबसे ख़राब स्थिति में, जेडी सेक्युलर एक जर्जर रस्सी से लटका हुआ है और अलार्म बजाने की कोई ज़रूरत नहीं है।

सी एम इब्राहिम कोई स्प्रिंग-चिकन नहीं हैं। न ही उनका जन्म कल हुआ था। वह जनता दल (सेक्युलर) का वर्तमान मुस्लिम चेहरा हैं। उनके कारण मुसलमानों के बहुत सारे वोट जद (एस) को मिलते हैं। अगर जनता दल (सेक्युलर) भाजपा के साथ बने रहने पर जोर देती है तो उसे उनके वोट से चूकना होगा जो पार्टी बर्दाश्त नहीं कर सकेगी। जब गुस्सा शांत होगा और इस विशेष नाटकीय घटनाक्रम पर धूल जम जायेगी, तो बेहतर समझ कायम होगी और पार्टी एकजुट रहेगी।

सही? नहीं गलत। गौड़ा कबीले की चुनौती को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह अवज्ञा है जो विभाजन से भी आगे जाती है। यह एक बेशर्म अधिग्रहण बोली है। पिता-पुत्र की जोड़ी एक कंप्यूटर चिप की तरह बदली जा सकती है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने का पार्टी का निर्णय एक तैयार बहाना है। सीएम इब्राहिम का कहना है कि उनका 'गुट' मूल है और गौड़ा का जद (एस) विभाजित है। किसी भी स्थिति में, भाजपा के साथ गठबंधन करने का मतलब है कि जनता दल अब 'धर्मनिरपेक्ष' नहीं रहेगा।

अगर किसी को अब भी आपत्ति है तो बता दें कि राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में इब्राहिम को न केवल निर्णय लेने बल्कि उन्हें कर्नाटक में लागू करने का भी पूरा अधिकार था। इब्राहिम का फैसला है कि जद (एस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में नहीं रहेगी और वह इस फैसले से एचडी देवेगौड़ा को अवगत कराने के लिए एक कोर कमेटी बनाने जा रहे हैं।

जनता दल (सेक्युलर) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष का विद्रोह हवा के साथ चलना तय है। अगर उनका फैसला जनता दल (सेक्युलर) में संभावित विभाजन का संकेत दे रहा है तो ऐसा ही होगा। जाहिर तौर पर आधा जनता दल (सेक्युलर) इब्राहिम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। 'मैं जद(एस) का कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष हूं,' यह हाल के दिनों में किसी द्वारा दिया गया सबसे जोरदार राजनीतिक बयान है।

तो, जनता दल (सेक्युलर) में विभाजन का ट्रेंड है। सीएम इब्राहिम के हवाले से कहा जा रहा है कि पार्टी ने 2024 का आम चुनाव लड़ने के लिए एनडीए में शामिल नहीं होने का फैसला किया है और पार्टी सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा की अब कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं है। अब केवल उन विधायकों की संख्या गिनना बाकी है जो गौड़ा को गिराने में इब्राहिम के साथ शामिल हो गये हैं। इब्राहिम ने भाजपा के साथ संबंध तोड़ने के फैसले को 'हमारा पहला निर्णय' करार दिया। दूसरा, देवेगौड़ा से भाजपा के साथ गठबंधन के लिए 'नहीं' कहने का अनुरोध करना था। कोर कमेटी देवेगौड़ा से मिलेगी और उन्हें बतायेगी कि जहां तक जनता दल (सेक्युलर) का सवाल है तो यह खेल भाजपा के लिए है।

देवेगौड़ा के बेटे एचडी कुमारस्वामी ही थे जिन्होंने भाजपा के साथ जनता दल (सेक्युलर) का गठबंधन किया था। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों दल गठबंधन पर मुहर लगाने ही वाले थे कि तभी इब्राहिम ने पूरे भाजपा-जनता दल (सेकुलर) समझौते पर पानी फेर दिया।

क्या भाजपा को इसका अनुमान था? बिल्कुल नहीं, जब तक जनता दल (सेक्युलर) ने ऐसा नहीं किया। इब्राहिम ने भाजपा के साथ-साथ गौड़ा को भी मुश्किल में डाल दिया है। उन्होंने अपनी गेंद गुगली के बराबर फेंक दी और इसने न केवल गौड़ा नेतृत्व को क्लीन बोल्ड कर दिया, बल्कि भाजपा को भी बाहर कर दिया। क्रिकेट में ऐसा कभी नहीं हुआ।

भाजपा मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों में उतर रही है और मतदाताओं के मन में जनता दल (सेक्युलर) के त्याग की यादें ताजा हैं। क्या जनता दल (सेक्युलर) का फैसला उन पांच राज्यों में मतदान पर अपनी छाप छोड़ेगा जहां चुनाव होंगे? इब्राहिम ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन उनकी 'सर्वसम्मत राय' है जो सदैव दिमाग में रहेगी और शायद प्रभाव भी डालेगी।

फिर यह फैसला रद्द नहीं किया जायेगा। कुमारस्वामी और देवेगौड़ा ग्रामीण परिदृश्य को उलट-पुलट कर सकते हैं लेकिन निर्णय कसौटी पर खरा उतरेगा। इब्राहिम ने कुमारस्वामी को 'भाई' और देवेगौड़ा को 'पिता' कहा और उन्होंने कहा, 'उन्हें मेरा संदेश है कि कृपया वापस आ जायें', जो पिता और पुत्र को बता रहा है कि जनता दल (एस) आपकी समझ से बाहर है। ध्यान देने वाली महत्वपूर्ण बात यह है कि एक परिवार द्वारा संचालित पार्टी ने अपना जुआठ उतार फेंका है। कम से कम एक राजनीतिक राजवंश लूप से बाहर है। यह भी सोचने के लिए है कि भाजपा, जो वंशवाद की इतनी विरोधी है, उसके साथ गठबंधन करने पर आमादा थी, चुनावी राजनीति की लूट के लिए एक वंशवाद का सहारा। विरोधाभास दिमाग चकरा देने वाला है।

### पावन प्रसंग

## प्रेरणाओं को ग्रहण करने का पर्व

भगवान राम का जीवन इसीलिए युगांतकारी हो जाता है, क्योंकि उनके आगमन के साथ न केवल असुरता का अंत होता है, लंका का अंत होता है बल्कि रामराज्य का प्रारंभ भी होता है। अवतारों के अवतरण का उद्देश्य ही यह होता है अपने जीवन के माध्यम से ऐसे उदाहरण जनसामान्य के सम्मुख रखते हैं कि जिनसे प्रेरणा प्राप्त करके व्यक्ति नर से नारायण, मानव से महामानव और क्षुद्र से महान बन सकते हैं साथ ही वे ऐसे अभियानों को भी जन्म देते हैं, जिनका अंग बनकर मनुष्य में दिव्य भावनाएं, उत्कृष्ट विचार, आदर्शवादी क्रिया चेष्टाएं, आदर्शवादी क्रिया चेष्टाएं दृष्टिगोचर होने लगती हैं।

रामनवमी का पर्व मंगलकारी पर्व भगवान राम का यह जन्मदिवस सम्पूर्ण वसुधा के लिए एक मंगलमय अवसर के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति के आदर्शों को अपने जीवन में मूर्तिमान करने वाले भारतीय धर्म के आकाश में सूर्य की तरह चमकने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणाओं को ग्रहण करने का पावन पर्व इसे कह सकते हैं। ध्यान से देखें तो वर्तमान समय में भी लगभग वैसी ही परिस्थितियां हैं, जिस तरह की परिस्थितियों में भगवान राम के अवतरण के कथानक को लिखा गया था। जिन परिस्थितियों में भगवान राम ने अपने पुण्यचरित्र को जनमानस के सम्मुख प्रस्तुत किया था, वर्तमान समय भी कुछ-कुछ वैसा ही है।

रावण सही पूछा जाए तो एक व्यक्ति से ज्यादा ऐसी विकॉत मानसिकता का नाम है- जो छोटे उद्देश्यों, छोटे कार्यों, स्वार्थ, अहंकार, लोभ, लालच हिंसा से परिभाषित होती है। गंभीरता से सोचें तो क्या ऐसा नहीं लगता कि आज की परिस्थितियों और आज का वातावरण-वैसी ही मानसिकता का प्रतीक बन गए हैं। आज के समय को देखें तो ऐसा प्रतीत होता है कि मानो स्वार्थ और संकीर्णता फैशन में आ गए हैं और अपने हितों को पूरा करने की अंधी दौड़ में लोग सज्जनता और मानवता का जनाजा निकालने में संकोच भी नहीं करते हैं। आजे जैसी भावाएं जितनी संकुचित हुई है और परस्पर के स्नेह विश्वास का स्थान शक, संदेह और कठोरता ने ले लिया है। कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि आज ईमानदारी ,कर्तव्यपरायणता और विश्वसनीयता इतनी तेजी से गिर रहे हैं कि व्यक्ति के मन में न समाज का संकोच है न प्रशासन का भय है। और न ही उसके मन में ईश्वरीय न्याय व्यवस्था पर जरा भी भरोसा रह गया है। परिणाम यह है कि वो मानवीय जीवन जिसको हम परमेश्वर प्रदत्त सौभाग्यों में सबसे ऊपर गिनते थे, उसका मूल्य शून्य हो गया है और यह देवदुर्लभ जीवन मात्र उलझनों परेशानियों और पापों को इकट्ठा करने में ही चला जाता है।

अवतारी सत्ताओं के आगमन का उद्देश्य भी कुछ वैसा ही होता है। वही अंतर महापुरुषों में एवं अवतारों में होता है। महापुरुषों के जीवन निश्चित रूप से प्रेरक होते हैं, अनुकरणीय होते हैं, प्रख्यात एवं लोकप्रिय होते हैं। परंतु अवतारों के जीवन में इन विशेषताओं के अतिरिक्त भी एक विशेषता होती है कि वो कालचक्र की दिशा को परिवर्तित करने के लिए आते हैं।

**अखंड ज्योति**

### आपके पत्र

## विदेशों में सेवारत भारतीय, भारत की अर्थव्यवस्था पर चोट, प्रभावी अंकुश जरूरी

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं। इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है। इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है। इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है। भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा, तक्षशिला, शांति निकेतन और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से छात्र शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वहीं भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है। मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है।

भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम ख़र्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों की पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं। भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो, पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है। यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते हैं। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी-मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को न होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है। इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आबंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।

**संजीव ठाकुर**

## बेतवा- पार्वती अंचल

### सार-समाचार

### मां दयालु दुर्गा मंदिर में उमड़ रही भक्तों की भीड़



**भेरुन्दा, देशबन्धु।** शारदीय नवरात्र महोत्सव प्रारम्भ होते ही विगत 40 वर्षों से मां दयालु के मंदिर में नवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। सुबह होते ही भक्त जन मां के पूजन दर्शन के लिए मंदिर में आना शुरु हो जाते हैं यह सिलसिला रात्रि तक जारी रहता। मन्दिर पुजारी आचार्य पंडित संजय शर्मा एवं नितेश शर्मा ने बताया की प्रति वर्ष के अनुशार नवरात्र में प्रतिदिन नवचंडी पाठ, यज्ञ, कन्या बटुक पूजन किया जा रहा है दशहरे पर पूर्णाहुति पश्चात कन्या भोजन प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ ने चलाया सदस्यता अभियान



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के निर्देश पर जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में श्री बालाजी कंप्यूटर इंस्टीट्यूट, एशियन न्यूज कार्यालय कृपा राम गली, बरेठ रोड पर बैठक का आयोजन कर सदस्यता अभियान चलाया जिसमें नगर के कई पत्रकारों ने भाग लेकर सदस्यता ली। नगर इकाई अध्यक्ष अभिनय श्रीवास्तव ने नये सदस्यों को जोड़ा और नए पदाधिकारी भी नियुक्त किएद्ध इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण चोबे, अनिल शर्मा, सचिन दीक्षित, अनुज आदि की उपस्थिति में सर्वसम्मति से संजीव शर्मा, ब्रजेश रघुवंशी को उपाध्यक्ष, नफीस खान बंटी बाबा को सचिव चन्द्र मोहन सैनी को सह सचिव और सुरेश कुमार तनवानी को जिला कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। आगामी बैठक में नए पदाधिकारी और सदस्यों को जोड़ा जाएगा।

### विहिप सामाजिक समरसता विभाग की संभाग स्तरीय बैठक हुई

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** स्थानीय बरेठ रोड स्थित केशव वाटिका मे विहिप की सामाजिक समरसता विभाग की संभागीय बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सभी गुना भोपाल नर्मदापुरम राजगढ़ और बैतुल विभाग से जिला एवं प्रखंडों के प्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री देव जी भाई ने बैठक को सम्बोधित करते हुई कहाभगवान राम ने सबरी के झूठे बेर खाए । भगवान का चरित्र सदैव हमें भेदभाव रहित जीवन जीना सिखाता है। क्षेत्र सामाजिक समरसता प्रमुख राजकुमार सिंह ने वर्तमान समय में सामाजिक समरसता पर अधिक बल देने तथा सबको साथ संगत और पंगत अमल में लाने की बात कही। प्रान्त सह मंत्री गोपाल सोनी ने आगामी कार्यक्रम के बारे मे बताया। बैठक का संचालन प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख सुनील यादव ने किया। बैठक में प्रान्त गौ रक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल,विभाग कृषक प्रमुख संघ विजय भावसार,समरसता प्रांत टोली सदस्य द्वय डा.चद्रशेखर शर्मा एवं रंजीता सिंह विभाग समरसता प्रमुख राकेश सक्सेना विभाग सतसंग प्रमुख सुरेंद्र ठाकुर जिला सामाजिक समरसता प्रमुख दिलीप देसाई सह प्रमुख बसंतीलाल कुशवाहा टोली सदस्य श्याम रघुवंशी जिला गौरक्षा प्रमुख रविंद्र ठाकुर आदि मौजूद रहे।

बुधनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

# साधना सिंह ने फीता काटकर किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ



**भेरून्दा नसरुल्लागंज।** नगर में बुधवार को बुधनी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ उनकी धर्मपत्नी किरार समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना सिंह चौहान एवं उनके पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा नगर के इंदौर रोड स्थित तिवारी काम्प्लेक्स में फीता काटकर किया गया। उसके बाद चुनाव कार्यालय में प्रवेश कर विधिवत पूजा अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साधाना सिंह ने कहा कि चुनाव का बिगुल बच चुका है। चुनाव कार्यालय का शुभारंभ भी हो गया है। अब आप पूरे ध्यान से चुनाव प्रचार में लग जाए। प्रदेश में 229 विधानसभा में से बुधनी विधानसभा का रिजल्ट नंबर वन आए इसी आशा के साथ में आपके पास आई हूं। हम सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे और ज्यादा से ज्यादा वोटो से जीतेंगे। इस समय त्यौहार का समय चल रहा है।

# हत्या के आरोपी पति-पत्नी को आजीवन कारावास

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** तृतीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डीएस परमार की अदालत ने हत्या के आरोपी पति-पत्नी को आजीवन कारावास की सजा और 5-5 हजार रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगताने के निर्देश दिए हैं। शासन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे शासकीय लोक अभियोजक डॉक्टर अखिलेश लाहौरी ने बताया कि घटना 10 जनवरी 2020 की है। बरेठ रोड सुधा हॉस्पिटल के सामने किराए के मकान में निवास करने वाले देवेंद्र अहिरवार और उसकी पत्नी किरण अहिरवार ने आशीष अहिरवार नामक युवक की उनके घर में ही चाकू और हसिया से हत्या कर दी थी। घटना की जानकारी मकान मालिक द्वारा पुलिस को दी गई थी पुलिस ने आकर घर के दरवाजे तोड़कर देखा तो आशीष का लहू लहान शव कमरे में जमीन पर पड़ा था। आरोपी ने मृतक का गुप्तांग काटने का प्रयास किया था। आरोपी देवेंद्र और किरण और उसका बच्चा कमरे में पास ही बैठे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 302,34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया जहां विद्वान न्यायाधीश डी एस परमार ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यो और गवाहों को विश्वसनीय मानते हुए और शासन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे डॉक्टर अखिलेश लाहौरी के तर्कों से सहमत हुए आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित करते हुए 5000--5000 रूपए का जुर्माना लगाया है।

# केंद्रीय पुलिस बल ने किया विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आज केंद्रीय पुलिस बल ने गंजबासोदा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पचमा से भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ एसडीओपी मनोज मिश्रा, टीआई संजीव चौकसे पुलिस बल के जवान साथ रहे। केंद्रीय पुलिस बल ने शहर के चप्पे-चप्पे में भ्रमण किया और शहर की स्थिति का जायजा लिया।

# मुख्यमंत्री की आमसभा को लेकर हुई ग्रामीण मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक



**सिरोंज, देशबन्धु।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लटेरी में होने वाली आमसभा में स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। विधानसभा चुनाव के पहले लटेरी में मुख्यमंत्री की आयोजित हो रही सभा को लेकर देवपुर एवं चितावर मंडल के कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव संचालक रमेश यादव ने कहा कि गांव गरीब आम जन के कल्याण की सदैव चिंता करने वाले मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान क्षेत्र में आ रहे है। भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा जैसे मजबूत प्रत्याशी भी मैदान में आ गए है। अब हम सबको गांव में भाजपा की अलख जागाना है। उन्होंने सभी सेक्टर प्रभारियों से अपने अपने साधनों से लटेरी में मुख्यमंत्री की आमसभा में ग्रामीणों क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को गाजे बाजे के साथ पहुंचने के लिए कहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधानसभा संयोजक कैलाश शर्मा, देवपुर मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी, चितावर मंडल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत,जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी,पूर्व जनपद अध्यक्ष हमीर सिंह यादव,हरिबाबू भार्गव,संतोष चौरे आदि के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों ने रंगोली बनाकर मतदान के लिए किया जागरूक



### स्वीप अभियान के तहत हुई प्रतियोगिता

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में एनएसएस के तत्वावधान में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप अभियान के तहत विविध जागरुकता प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को स्वीप अभियान अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला परिसर में चार, तीन फिट का स्थान दिया गया। जिसमें बच्चों ने मतदान करते नागरिक, ईव्हीएम मशीन, मतदान की परिस्थितियों सहित भारत में लोकतंत्र की अवधारणा को रेखांकित किया। वहीं रंगोली के रंगों से मतदान महादान, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, पहले करें मतदान फिर करें दूसरा काम, नर हों या नारी-मतदान सबकी जिम्मेदारी जैसे नारों को रंगोली के रंगों में बखूबी उकेरा। इस दौरान प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, प्रियंका अग्रवाल, दीपेश मीणा, गोविंद कुशवाह, मनोज श्रीवास्तव, अनुष्का राजपूत, सुहासिनी माथुर, प्रीति रावत, हर्षाली साहू, मनाली जैन, मयंक जैन ने रंगोली के माध्यम से उभारते हुए मतदान प्रक्रिया को समझाना और सहयोग किया।

# स्वर्ण पदक जीत कर आए खिलाड़ियों का नगर आगमन पर किया स्वागत



**भेरुन्दा, देशबन्धु।** खो-खो कल्याण संघ भैरूंदा के दो खिलाड़ी आयुषी यादव व ऋषभ हरियाले का स्वागत प्रथम बार नगर आगवन पर भैरूंदा में हुआ दोनों खिलाड़ी भारतीय खो-खो फेडरेशन के संयुक्त सचिव एवं मध्यप्रदेश खो-खो संघ के सचिव संजय यादव एवं विनोद पोद्दार मध्यप्रदेश खो-खो संघ के कोषाध्यक्ष के मार्गदर्शन प्राप्त हुआ था भारतीय टीम में नगर से पहली बार चयन हुआ था 18 दिन के नेशनल कैम्प के बाद चयन हुआ था। यह से दोनों बच्चों का चयन मलेशिया के लिए खो खो टेस्ट चेम्पियनशिप के लिए हुआ था। इसमें मध्यप्रदेश खो खो संघ एवं खो-खो कल्याण संघ भैरूंदा के दो खिलाड़ी आयुषी यादव, ऋषभ हरियाले का पहली बार भारतीय खो-खो टीम के लिए खेलने गए थे इस अवसर पर एक विशाल स्वागत रैली का आयोजन किया गया रैली खेल परिसर भैरूंदा से निकल कर नगर के भिन्न मार्गो से होते हुए शुभम कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में समापन किया गया जहाँ पर स्कूल के संचालक विजेंद्र शर्मा द्वारा खिलाड़ियों ले साथ साथ कोच प्रबल अग्रवाल ,सुनील पंवार का बी सम्मान किया गया। स्वागत रैली में नगर के सभी खिलाड़ी, कोच, और समस्त स्कूल के स्टाफ , एवं नगर की समस्त जनता उपस्थित रही। इस अवसर पर महेंद्र परिहार, राजेश लखेरा ,नीलमणि सिंह सेंगर, सचिन त्रिवेदी, लक्ष्मीनारायण वैष्णव, रघुवीर पंवार, सतीश यादव, योगेश पंवार, सतीश परिहार, सतीष वर्मा, संतोष पटेल, राम पंवार, राजेन्द्र राजपूत,डॉ श्याम पंवार, राजा शर्मा,अमित परिहार,रवि पंवार, स्वतंत्र विश्वकर्मा, अंकिता विश्वकर्मा, नीरज पंवार, विजेन्द्र, संजय, राहुल, मनीष, पवन मालवीय, सहित खो खो कल्याण संघ के समस्त पदाधिकारी एवं समस्त नगरवासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# अवैध शराब तस्कर गाड़ी छोडक़र भागे, 10 पेटी शराब बरामद



**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की कैलारस थाना पुलिस ने नैपरी तिराहे पर चेकिंग के दौरान एक बोलेरो गाड़ी से 10 पेटी अवैध शराब बरामद की है, जबकि आरोपी भाग निकले। पुलिस द्वारा शराब एवं गाड़ी को जप्त कर आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया गया है।

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिले में अवैध शराब अवैध हथियार के परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत एस.डी.ओ.पी. कैलारस रवि सोनेर के मार्गदर्शन में कैलारस थाना प्रभारी सोनपाल सिंह तोमर को मुखविर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सबलगढ़ की तरफ से सफेद रंग की बुलेरो गाडी मे अवैध शराब भरकर नैपरी तिराहे से किर्रायच की तरफ जाने वाला है। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा चैकिंग लगाई गई, दौराने चैकिंग सबलगढ़ तरफ से एक बुलेरो कार क्रमांक एमपी 07 जेडडी 9679 आती हुई दिखाई दी। आरोपी पुलिस को देखकर बुलेरो को पुराने रेलवे पुल की तरफ भगा कर ले गया। पुलिस द्वारा पीछा किया गया तो आरोपी अपने वाहन को पुराने रेलवे पुल नैपरी की झाडियों में छोडक़र बीहड़ का फायदा उठाकर भाग गये। पुलिस टीम ने गाड़ी की तलाशी तो उसमे10 खाकी रंग के कार्टून की पेटी मिली, जिनमें 90 लीटर अवैध मसाला शराब रखी हुई पाई गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर बोलोरो गाड़ी एवं 10 पेटी शराब जप्त कर ली है, जिसकी कीमत करीबन 10 लाख पचास हजार रुपए बताई गई है।

# जिला बदर बदमाश को पुलिस ने राजस्थान सीमा में छोड़ा




**मुरैना, देशबन्धु।** जिला कलेक्टर द्वारा हाल ही में जिला बदर किए गए बदमाश शेरू उर्फ मनोज टैगोर को बुधवार की दोपहर पुलिस टीम द्वारा राजस्थान की सीमा में छोड़ दिया गया है। आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा ऐसे बदमाश जो आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने में परेशानी उत्पन्न कर सकते हैं, उनके विरूद्ध जिलाबदर अथवा एन.एस.ए. की कार्यवाही किये जाने हेतु समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के उत्तमपुरा निवासी आदतन अपराधी शेरू उर्फ मनोज टैगोर पुत्र मुन्ना उर्फ रमेश चंद्र टैगोर उम्र करीबन 34 वर्ष को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मुरैना द्वारा 01 वर्ष के लिए जिला मुरैना, ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर व शिवपुरी जिले की सीमा से बाहर करते हुए जिला बदर का अंतिम आदेश पारित किया गया, उक्त आदेश के पालन में आदतन अपराधी शेरू उर्फ मनोज टैगोर पुत्र मुन्ना उर्फ रमेश चंद्र टैगोर निवासी उत्तम नगर जिला मुरैना को थाना स्टेशन रोड पुलिस द्वारा 01 वर्ष के लिये जिला मुरैना, ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर व शिवपुरी जिले की सीमा से बाहर रहने की समझाईश दी है, जिस पर से स्टेशन रोड थाना प्रभारी श्रीमती राजकुमारी परमार द्वारा उक्त बदमाश को जिला धौलपुर राजस्थान की सीमा में छोडा गया। उक्त आदतन अपराधी शेरू उर्फ मनोज टैगोर पर विभिन्न धाराओं में 14 अपराध थाना स्टेशन रोड में पूर्व से पंजीबद्ध हैं।

### कलेक्टर ने एसएसटी टीम के 2 कर्मचारियों को निलंबित किया



**मुरैना, देशबन्धु।** कलेक्टर अंकित अस्थाना एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने रात्रि में 11 बजे मुरैना अधीनस्थ अधिनस्थ स्टॉफ के साथ एसएसटी चैक पॉइंट जरैना, धुलेनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीव्ही कैमरा लगाने वाली टीम मौके उपस्थित पायी गई एवं एसएसटी टीम में लगे कर्मचारी हाउसिंग बोर्ड के उपयंत्री गोविंद बिहारी जाटव अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने तत्काल मौके पर निलंबित करने के निर्देश दिये। इसके बाद कलेक्टर बागचीनी, देवगढ़ शाला चौकी पहुंचे। जहां पर टीम ने चैकिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उपयंत्री आकाश सिंह अनुपस्थित पाये गये। कलेक्टर ने तत्काल निलंबन करने के निर्देश दिये। इस दौरान रास्ते में संगिध चार पहिया वाहनों की चेकिंग भी की गई।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कई युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ



**मुलताई, देशबन्धु।** बीएसपी के पूर्व बैतूल जिलाध्यक्ष एवं अधिवक्ता नामदेव नागले ने बुधवार की दोपहर मुलताई में विधायक एवं पुर्व केबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे के कार्यालय पहुंचकर महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री बसंत पुरखे के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। वहीं शास्त्री वार्ड से पार्षद प्रत्याशी रह चुके फहीम शाह एवं कैलाश पवार ने भी कांग्रेस का हाथ थाम लिया। जिन्हें पांसे ने फूलमाला एवं कांग्रेस का गमझा पहनाकर शामिल कराया। इस दौरान नामदेव नागले ने कहा कि वर्तमान समय में डॉ. बाबा साहब अंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान खतरे में है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता कमल सोनी, संजय यादव, सुमित शिहवरे, शेख जाकिर, राजरानी परिहार, हेमंत वाईकर, शमीम खान, विनोद बेले, गणेश वर्मा, रॉबिन परिहार, लोकेश यादव, हसन शाह सहित अन्य उपस्थित थे।

### पीडब्ल्यूडी ने भरवाएं मुख्य मार्ग सहित अन्य सड़कों के गड्ढे



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के बीच से गुजरने वाला मुख्य मार्ग पर जगह-जगह हो चुके गड्ढों को भरवाने का काम पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा गड्ढा मुक्त सड़क अभियान अंतर्गत सड़कों पर हो चुके गड्ढों की मरम्मत करवाई जा रही है। घोड़ाडोंगरी के ठेकेदार द्वारा उपरोक्त काम करवाया जा रहा है। परमंडल जोड़ से लेकर कामथ तिराहे तक पीडब्ल्यूडी की सड़क पर हो चुके गड्ढों को भरवाने का काम विगत तीन दिनों से जारी है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी एसडीओ राजेश राय ने बताया कि 15 अक्टूबर के बाद बारिश के कारण सड़कों पर हो चुके गढ़ों को भरवाने के लिए हर वर्ष अभियान चलाया जाता है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए कैलेंडर के अनुसार उपरोक्त कार्य पूरे मुलताई डिवीजन में करवाए जा रहे हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग अंतर्गत आने वाली विभिन्न सड़कों में बारिश के कारण हो चुके गड्ढों को भरवारा जा रहा है, ताकि आवागमन सुगम हो सके और सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जा सके। नगर के बस स्टैंड पर बुधवार पीडब्ल्यूडी कर्मचारी श्रवण निरापूरे द्वारा स्वयं खड़े रहकर कार्य करवाया गया, उन्होंने बताया की विशेष तौर पर गुणवत्ता का ख्याल रखा जा रहा है ताकि सड़कों पर पुनः गड्ढे ना हो सके।

### अवैध शराब विक्रय के 6 प्रकरण दर्ज

**हरदा, देशबन्धु।** जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए इन दिनों मदिरा के अवैध विक्रय व भण्डारण पर सख्त नजर रखी जा रही है। उन्होने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को आबकारी विभाग के दल ने हरदा के टंकी मोहल्ला, खेड़ीपुरा व उड़ा एवं खिरकिया के ग्राम जामनिया कला, जामुखो तथा टिमरनी के ग्राम कायदा व रहटगांव में दबिश देकर कुल 12 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब, 41 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 875 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किये गये। इसके अलावा अवैध मदिरा के परिवहन की रोकथाम के लिये हंडिया स्थित चेक पोस्ट पर परिवहन विभाग व आबकारी विभाग द्वारा रात्रि में संयुक्त रूप से चेकिंग की गई। जप्त शराब का अनुमानित मूल्य 96480 रूपये है।

प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# एसपी-कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं





**मुलताई, देशबन्धु।** जिले के कलेक्टर अमनबीर सिह बैंस और एसपी सिद्धार्थ चौधरी बुधवार मुलताई पहुंचे, जहा उन्होंने अधिकारियो के साथ स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इसी के साथ उन्होंने कन्या स्कूल में चल रहे चुनावी प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी देखा और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।उनके साथ एसडीएम तृप्ति पटैरया, एसडीओपी सुरेश पाल सिंह, तहसीलदार अनामिका सिंह, टीआई प्रज्ञा शर्मा, सीएमओ राजकुमार इवनाती सहित पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। बताया जा रहा है कि कलेक्टर, एसपी स्ट्रांग रूम सहित चुनावी व्यवस्थाओं का जायजा लेने मुलताई पहुंचे थे। नगर में उन्होंने केंद्रीय विद्यालय के पास बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

**जल्द ही ईवीएम मशीन पहुंचेगी मुलताई, जिसके बाद सील होगा स्ट्रांग रूम:** निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को रखे जाने के लिए की जा रही व्यवस्थाओं को देखा गया, तहसीलदार ने बताया की जल्द ही ईवीएम मशीनें मुलताई पहुंच जाएगी, इसके बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगो के समक्ष स्ट्रांग रूम सील कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कन्या स्कूल में चुनावी प्रशिक्षण चल रहा है, यहां भी अधिकारी पहुंचे थे और उन्होंने इसका भी निरीक्षण किया है।

### चेक पोस्ट का किया जा रहा भ्रमण, बरती जा रही विशेष सावधानी

एसडीओपी सुरेश पाल सिह ने बताया कि लगातार चेक पोस्टों का भ्रमण किया जा रहा है, बतौर सावधानी लगातार निरीक्षण हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव शांतिपूर्व तरीके से निपटाने के लिए अधिकारी बराबर नजर बनाए हुए हैं। पूरी मुस्तैदी के साथ सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करने में लगे हुए है। उन्होंने उम्मीद जताई है की क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न होंगे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र और मप्र के अधिकारियों की हुई बैठक



**मुलताई, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव शांति पूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो इस बात को लेकर बैतूल जिले एवं महाराष्ट्र राज्य के अमरावती जिले के अधिकारियों की बार्डर मीटिंग प्रभात पट्टन में आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने आपस में तालमेल के साथ कार्य करने हेतु, कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु गुंडे, बदमाशों, अपराधिक तत्वों पर लगातार कार्यवाही करने और चुनाव को प्रभावित करने वाले विषयो पर चर्चा की गयी। बैठक में मुलताई, अमरावती, वरुड़ सहित पांढुर्णा के अधिकारी मौजूद रहे। बार्डर मिडिंग के संबध में जानकारी देते हुए एसडीओपी सुरेश पाल सिंह, टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि बैठक में आगामी चुनावों के लिए सीमावर्ती जिलों में नियमित 15-15 दिवस के अंतराल में बैठकें आयोजित करने पर चर्चा की गई है। वही वांछित अपराधियों, फरारी एवं वारंटियों की सूची का आदान-प्रदान भी किया गया। आगामी चुनावों के लिए अंतर्राज्यीय नाकाबंदी जांच चौकियों की स्थापना को लेकर बात हुई।

**व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आधुनिक तरीकों से बनाई जाएगी बेहतर व्यवस्था:** चुनाव की सभी व्यवस्थाओं के दौरान तकनीकी तरीके से सुचनाएं साझा करने, बेहतर कार्यवाही के लिये व्हाट्सअप आदि माध्यमों एवं नई-नई तकनीकों का उपयोग करने, बाजार हाट एवं मेलों की जानकारी पर चर्चा की गयी है।

# केंद्र और प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में किए अधिक विकास कार्य: शर्मा



**सारनी, देशबन्धु।** प्रदेश और केंद्र सरकार ने शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा विकास कार्य करने का कार्य किया है। शक्ति सम्मेलन को संबोधित करते हुए आमला विधानसभा क्षेत्र के संयोजक पी जे शर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जिले के 29 मंडल के पदाधिकारी प्रत्येक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार करें। उन्होंने कहा कि हमें जात-पात को नजर अंदाज करके विकास के कार्य को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बीच जाना है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 4 वर्षों से लगातार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पदाधिकारी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करता दिखाई दे रहा है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि प्रदेश में सरकार बने इसको लेकर प्रत्तेक कार्यकर्ता पदाधिकारी को जीतोड़ मेहनत करनी पड़ेगी। बैतूल जिले में 29 मंडल है और 29 मंडलों में भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से शक्ति सम्मेलन का आयोजन जोर-शोर से किया जा रहा है। शक्ति सम्मेलन का आयोजन जिले भर में किया जा रहा है और इसके लिए अलग-अलग अतिथि भी संगठन के माध्यम से तय किए गए है।

# देवी जागरण और आर्केस्ट्रा में भजनों और गीतों की कलाकारों ने दी प्रस्तुति

- सतपुड़ा सांस्कृतिक उत्सव समिति ने रामरख्यानी स्टेडियम में आयोजित किया कार्यक्रम




**सारनी, देशबन्धु।** सतपुड़ा सांस्कृतिक उत्सव समिति के तत्वाधान में नगर के रामरख्यानी स्टेडियम में मंगलवार रात को हार्मनी (हारमोनी) आर्केस्ट्रा ग्रुप के माध्यम से एक से बढ़कर एक देवी गीत और पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत रात 8 बजे ग्रुप के कलाकार नेहा भावसार के माध्यम से गणेश वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत के साथ की गई। उसके बाद राजेश वरवड़े ने शिरडी वाले साइन बाबा,दिलीप बारस्कर चलो बुलावा आया है गीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया ।लगभग 2 घंटे तक देवी जागरण गीत गाने के बाद ग्रुप के माध्यम से रात 9 बजे से पुराने फिल्मी नगमे की प्रस्तुति करने का कार्य किया गया। इस अवसर पर माला नागले,मदन चौधरी, दिलीप बारस्कर, नेहा भावसार, आशीष विश्वास के माध्यम से एक से एक पुराने फिल्मी नगमे की प्रस्तुति देने का काम किया है। सतपुड़ा सांस्कृतिक उत्सव समिति के माध्यम से आयोजित करवाए जा रहे इस कार्यक्रम का शुभारंभ रात 8 बजे हुआ और इसका समापन रात 11 किया गया। इस बीच एक से बढ़कर एक देवी गीत और पुराने नागमन की प्रस्तुति देने का काम कलाकारों के माध्यम से किया गया कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करने वाले संतोष करोले,राकेश उपारले, आयुष मालवी,जितेंद्र देव,आशीष विश्वास सहित अन्य लोगों ने बेहतर गीतों की प्रस्तुति और ढोलक,तबला बैंजो सहित विभिन्न शाज का उपयोग कर आर्केस्ट्रा एवं देवी गीत कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निवर्हन किया।

# भोजपुरी एकता मंच ने की छठ के बाद मतदान की मांग

**सारनी, देशबन्धु।** संपूर्ण हिंदुस्तान में आस्था और विश्वास का महापर्व छठ बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। छठ पर्व के बाद मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के मतदान की तिथि किए जाने की मांग राज्य निर्वाचन आयोग के नाम नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया को भोजपुरी एकता मंच के पदाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। भोजपुरी एकता मंच के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि छठ पूजा महोत्सव भारतीय पर्व है तथा पूरे भारतवर्ष में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष छठ पूजा महोत्सव 19 एवं 20 नवम्बर को है। इस महोत्सव का शुभारंभ 17 नवम्बर को होगा तथा इसका समापन 20 नवम्बर को होगा।

मध्यप्रदेश में भोजपुरी समाज के लोगों की संख्या लगभग 40 लाख से अधिक है।जबकि जिला बैतूल में मुलताई,बैतूल, घोड़ाडोंगरी, भैसदेही, सारनी में भोजपूरी समाज छठ पूजा का त्यौहार हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। सारनी नगर पालिका क्षेत्र में ही भोजपुरी समाज बहुत संख्यक मात्रा में निवास करता है जो छठ पूजा में अपने गृह क्षेत्र उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड त्यौहार मनाने जाते है। सारनी, पाथाखेड़ा, शोभापुर, बगडोना में जो भोजपूरी समाज छठ पूजा त्यौहार मनाता है वह मतदान करने से वंचीत रह जायेगा। भोजपुरी एकता मंच के जिला अध्यक्ष रजीत सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने वालों में लक्ष्मण साहू,गयाप्रसाद सिंह लोधी, विक्की सिंह,प्रदीप सिन्हा, प्रमोद सिंह, मुकेश यादव, सुभाष सिंह, भूषण कांति ने तहसीलदार को पत्र सौंपा।

# यूथ कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी घोषित

**बैतूल, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण अम्बर दीप बुनकर ने मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। नवगठित कार्यकारिणी में 5 जिला उपाध्यक्ष, 12 जिला महासचिव, 10 जिला सचिव, 1 जिला प्रवक्ता एवं 1 जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किए गए है। नव नियुक्त पदाधिकारी को जिला अध्यक्ष द्वारा अपने-अपने दायित्व भी सौंप दिए गए हैं। यह नियुक्ति भारतीय यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्हाबरु,भारतीय यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी. श्रीनिवास, भारतीय यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी अखिलेश यादव, मध्य प्रदेश यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.विक्रांत भूरिया एवं प्रदेश सहप्रभारी मानसिंग राठौर की सहमति से यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अम्बर दीप बुनकर द्वारा की गई है। बुनकर ने बताया कि इसकी सूचना हेमंत वाग्रदे जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष, सुनिल शर्मा जिला कांग्रेस शहरी अध्यक्ष, अनुराग मिश्रा जिला सेवादल अध्यक्ष, समीर खान, प्रदेश कांग्रेस महासचिव, नमन दुबे प्रदेश सचिव एवं बैतूल प्रभारी, जैद खान जिला अध्यक्ष एन.एस.यु.आई. को प्रेषित की गई है। जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष नेहा राठौर विनायक रेसीडेंसी बैतूल, गुलशन मिश्रा मु.पो. केसिया शाहपुर, राजेंद्र कवड़कर महावीर वार्ड मुलताई, अलकेश ठाकुर मु.पो. उमरिया, राज सतीष धाड़से सिविल लाइन भैंसदेही, जिला महासचिव गगन गायकवाड़ मु.पो. बघोली बैतूल बाजार, राशिद खान भगत वार्ड पाथाखेड़ा, अजेंद्र सिंह परिहार तिलक वार्ड मुलताई, प्रणय बारस्कर घाटबिरोली मुलताई, भूषण देशमुख प्रभात पट्टन मुलताई, शुभम रावत खापाखतेड़ा आमला, भागवत लोखण्डे हिड़ली आठनेर बैतूल, आशीष जायसवाल चिरापाटला चिचोली को बनाया गया।

# नेशनल टीचर्स कांफ्रेंस में निजी स्कूल की प्राचार्य ने किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व



**बैतूल, देशबन्धु।** गुवाहाटी में सीबीएसई द्वारा आयोजित नेशनल टीचर्स कांफ्रेंस में बैतूल के निजी स्कूल में प्राचार्य पद पर कार्यरत कविता त्रिवेदी ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। उल्लेखनीय है कि उन्हें मध्यप्रदेश से नेशनल टीचर्स कांफ्रेंस में शोध पत्र पढ़ने हेतु आमंत्रित किया गया था। शोध पत्र का विषय अक्षमता वाले छात्रों के लिए सीखने की शिक्षा की सुविधा के लिए सहकारी शिक्षा के प्रभावों पर एक अध्ययन था। इस विषय को लेकर असक्षम छात्रों पर शोध करने के साथ ही गुवाहाटी में आयोजित हुई राष्ट्रीय स्तर की टीचर कांफ्रेंस में 900 सीबीएसई प्राचार्य तथा शिक्षकों ने हिस्सा लिया था। जिसमें कविता त्रिवेदी को मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ। गौरतलब है कि कविता त्रिवेदी मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में स्थित नेपानगर की मूल निवासी है। नेशनल टीचर्स कांफ्रेंस में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने पर उन्होंने बैतूल के विद्यालय सहित नेपानगर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। इस उपलब्धि पर सीओई भोपाल, माता-पिता, परिजन सहित नेपानगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस विषय में कविता दुबे ने बताया कि सीबीएससी की चेयरपर्सन आईएएस निधि छिब्बर, सीबीएससी के जॉइन्ट डायरेक्टर आईएएस राम शंकर तथा अन्य कई विभूतियों के समक्ष शोध पत्र पढ़ने का अनुभव मेरे लिए अपने आप में रोमांचित कर देने वाला पल था। ज्ञान का संगम माने जाने वाले इस वार्षिक कांफ्रेंस में लगभग 130 शोध पत्र भेजें गए थे, जिसमें से मात्र 26 शोध पत्रों को मंच पर प्रस्तुतियों हेतु आमंत्रण मिला था। जिसमें सीबीएसई से मध्यप्रदेश के प्रतिनिधि के तौर पर मैंने अपनी जिम्मेदारी निभाने का पूरा प्रयास किया है।

# रंगोली और रैलियों से किया मतदाताओं को जागरूक




**हरदा, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि गर्ग के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान हरदा जिले में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में निबन्ध प्रतियोगिता, रंगोली, जागरूकता रैली तथा मतदाता जागरूकता शपथ सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा के छात्रों के द्वारा रंगोली और पोस्टर के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने छात्रों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया और मतदाता की शपथ दिलाई गई। सके साथ ही बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चारूवा की बालिकाओं द्वारा मतदान की आकृति बनाकर मतदान का संदेश दिया गया। इसी प्रकार सनफ्लावर स्कूल हरदा के विद्यार्थियों द्वारा निर्वाचन का प्रतीक चिन्ह बनाकर मतदान का संदेश दिया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिराली के विद्यार्थियों के द्वारा स्वीप गतिविधियों के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। इसके अलावा हरदा एवं टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में मतदाता जागरूकता रेलियां आयोजित कर ग्रामीणों ने मतदान की शपथ ली। इसके अलावा लाल बहादुर शास्त्री व्यावसायिक अध्ययन महाविद्यालय, हरदा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्राचार्य डॉ. राजीव खरे, कार्यक्रम अधिकारियों एवं समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा मतदान जागरूकता के लिये रैली निकाली गई। शत् प्रतिशत मतदान करने के लिये विद्यार्थियों द्वारा नारे लगाये गये। तकती पर लिखे नारे के माध्यम से भी महाविद्यालय के आस-पास की जनता को जागरूक करने का प्रयास किया गया। अपने मतदान का प्रयोग करें और एक अच्छी सरकार बनाने में योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया। रैली में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल रहें।

### इवीएम और वीवीपीएट मशीन स्ट्रांग रूम में रखी सुरक्षित

**हरदा, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए 17 नवम्बर को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि गर्ग की उपस्थिति में मंगलवार शाम को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इवीएम और वीवीपीएटी मशीन पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित हरदा व टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के लिये बनाये गये अलग-अलग स्ट्रांग रूम में रखकर स्ट्रांग रूम को सील्ड किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा, हरदा के रिटर्निंग अधिकारी आशीष खरे तथा टिमरनी के रिटर्निंग अधिकारी महेश बड़ोले सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। विधानसभा निर्वाचन के लिए 17 नवम्बर को मतदान होगा। इससे पूर्व मंगलवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इवीएम और वीवीपीएटी मशीन कलेक्ट्रेट स्थित जिला स्तरीय वेयरहाउस से पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में शिफ्ट की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश्वरी महोबिया के अलावा हरदा के रिटर्निंग अधिकारी आशीष खरे तथा टिमरनी के रिटर्निंग अधिकारी महेश बड़ोले सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौड़ा ने बताया कि प्रथम रेण्डमाइजेशन की कार्यवाही सोमवार को की गयी।

अलीराजपुर, झाबुआ और शाजापुर की चुनावी सभाओं में बोले शिवराज

# झूठे वादे करेंगे प्रलोभन देंगे कांग्रेसी, इनके बहकावे में मत आना



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बुधवार को अलीराजपुर, झाबुआ और शाजापुर जिले में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित कर कहा कि कांग्रेसी प्रलोभन देंगे, झूठे वादे करेंगे, लेकिन इनके बहकावे में मत आना। भरोसा करना है तो भाजपा, मोदी और मामा पर करो। कांग्रेस पार्टी केवल जनता की जिंदगी और प्रदेश को बर्बाद करती है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अलीराजपुर के मथवाड़ में नवरात्र के पावन पर्व पर रानी काजल माता के दर्शन किए और प्रदेशवासियों के सुख-शांति की कामना की। श्री चौहान ने कहा कि झाबुआ में नर्मदा का पानी आएगा, बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी और इलाज की बेहतर व्यवस्था भाजपा सरकार करेगी। भाजपा की सरकार ने सड़कें, पीने का पानी, आश्रमशाला, छात्रावास, बच्चों की फीस ये सबकुछ एक परिवार के नाते किया। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा के प्रस्ताव के आधार पर सभी गरीबों को मकान के जमीन के पट्टे दे दिये जाएंगे। हर गांव की हर गलियों को पक्की सड़क से जोड़ा जाएगा। अगले चरण में खेतों में बोरिंग लेकर आएंगे। इस अवसर पर श्री चौहान ने उपस्थित जन समुदाय से भाजपा प्रत्याशियों को पूर्ण बहुमत से जिताने की अपील की है। वहीं अलीराजपुर में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में श्री चौहान ने कहा कि हर बहन के खाते में लाड़ली बहना योजना के 1,250 रुपये आ रहे हैं, जिनके नाम रह गए हैं, चुनाव के बाद जोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री ने अलीराजपुर की जनसभा में कहा कि अलीराजपुर उद्योग का क्षेत्र बनेगा। उन्होंने कहा कि चाहे सड़कों का जाल बिछाना हो, चाहे सिंचाई का पानी हो, चाहे बिजली के लिए 132 केवी का सब स्टेशन बनना हो, जनता की सेवा और विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### शाजापुर में किया रोड-शो, उमड़ा जनसैलाब

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शाजापुर में पार्टी प्रत्याशी अरुण भीमावत के समर्थन में रोड-शो किया। रोड-शो बस स्टैंड, नई सडक, आजाद चौक, छोटा चौक, सिंधी मार्केट, सोमवारिया बाजार होते हुए धोबी चौक पहुंचा, यहां श्री चौहान ने पार्टी नेताओं के साथ महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रोड-शो के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर नागरिकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से पार्टी प्रत्याशी अरूण भीमावत को जिताने की अपील की।

अब कमलनाथ ने दिया जनता को व्यक्तिगत वचन, किया वादा

# प्रदेश के भविष्य को एक नई दिशा की ओर लेकर जाएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** युवाओं को रोजगार मिले, महिला सशक्तिकरण हो, स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हो, किसानों के साथ न्याय हो और हर वर्ग को समान अवसर मिले। इसी उद्देश्य को सामने रखकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और कमलनाथ ने व्यक्तिगत वचन दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वचन प्रदेश के भविष्य को एक नई दिशा की ओर लेकर जाएंगे।

उन्होंने इस संबंध में ट्वीट करते हुए कहा कि कांग्रेस के 'वचन' जितना जनता से किए गए वचन हैं, उससे भी ज़्यादा हर एक कांग्रेसी के खुद से किए गए वादे हैं। आज़ादी को हर हाल में पाने के वचन से लेकर, आज़ादी पाने के बाद आज तक देश की तरक्की के लिए उठाए गए हर क़दम के पीछे कांग्रेस की यही आत्म-संकल्प की शक्ति काम करती रही है और आगे भी करेगी। कांग्रेस के सच्चे वचन, भाजपा को ही नहीं बल्कि भाजपा के झूठे जुमलों को भी पराजित कर देंगे। ये मेरा 'व्यक्तिगत वचन' है कि ये वचन मप्र के भविष्य के लिए निर्णायक कदम साबित होंगे। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही कांग्रेस ने अपना वचन पत्र जारी किया है। 225 बिन्दु के वचन पत्र में 1290 वचन हैं। कमलनाथ ने इस संबंध में कहा कि कांग्रेस जो कहती है उसे पूरा करती है। उन्होंने कहा कि ये वचन जितने जनता से किए गए हैं, उससे भी ज्यादा खुद से इन्हें पूरा करने का वादा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंस में जिला निर्वाचन और रिटर्निंग अधिकारियों से कहा-

# मादक पदार्थ, अवैध धन और जेवरात भी करें जप्त



- 21 अक्टूबर से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है
- नाकों-चौकियों पर सीसीटीवी से रखें निगरानी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि सीमावर्ती जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी विशेष ध्यान दें और अवैध धन सम्पत्ति, जेवरात, मादक पदार्थ की जब्ती की कार्रवाई करें। साथ में इस बात का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराएं। वह प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और समस्त विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव ड्यूटी में तैनात रिटर्निंग अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित कर रहे थे।

श्री राजन ने कहा कि 21 अक्टूबर से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है, कोई भी अभ्यर्थी ऑफलाइन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर या सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन भी दाखिल कर सकता है। निक्षेप (जमानत) राशि का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकता है। श्री राजन ने बताया कि नामांकन फॉर्म के साथ अभ्यर्थी को फॉर्म 2 बी नामांकन फार्म, फॉर्म 26, शपथ पत्र व बैंक खाते की जानकारी सहित अन्य सभी जरूरी दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे। नामांकन भरने की अंतिम तिथि आगामी 30 अक्टूबर है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आदर्श चुनाव आचरण संहिता का सख्ती से पालन कराएं, अभियान चलाकर शस्त्र जमा कराएं और आपराधिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें।

श्री राजन ने कहा की सभी जिला निर्वाचन अधिकारी उनके जिले में चिन्हित नाकों और चौकियों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाकर निगरानी रखें। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर से प्रेक्षक जिलों में पहुंचेंगे, मतदान प्रतिशत बढ़ाने जागरूकता कार्यक्रमों में गति लाएं। बैठक में राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर डॉक्टर राजेश पाटीदार और डॉक्टर वाईपी सिंह ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को नामांकन पत्र दाखिल करने की संपूर्ण प्रक्रिया और इस संबंध में रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं सहित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए समस्त दिशा निर्देशों एवं विशेष प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कोल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, श्रीमती रुचिका चौहान, बसंत कुर्रे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## चुनाव आयोग को 1,621 शिकायतें मिली

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक निर्वाचन कार्यालय तक 1,621 शिकायतें आई है, जिनका चुनाव आयोग ने निपटारा भी किया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी- विजिल ऐप तैयार किया गया है। इस ऐप के जरिए कोई भी नागरिक राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं का स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायत कर सकता है।

मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में ग्रहण की सदस्यता

# कांग्रेस नेता सिद्धार्थ तिवारी और फुन्दर चौधरी भाजपा में शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष बुधवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी के पौत्र व कांग्रेस के नेता स्वर्गीय सुंदर लाल तिवारी के पुत्र सिद्धार्थ तिवारी एवं कांग्रेस के गुनौर विधानसभा के पूर्व विधायक फुन्दर चौधरी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री श्री चौहान और प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने सिद्धार्थ तिवारी और फुन्दर चौधरी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के युवा नेता सिद्धार्थ तिवारी जिनके पीछे एक राजनीतिक विरासत है, वें एक उर्जावान युवा हैं। उनके साथ ही अनुभव की भट्टी में तपे बुंदेलखंड के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक फुन्दर चौधरी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। भाजपा के काम को आगे बढ़ाने में सिद्धार्थ तिवारी और फुन्दर चौधरी की निश्चित तौर पर महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र के युवा नेता सिद्धार्थ तिवारी और कांग्रेस सरकार में अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रहे, बुंदेलखंड के बड़े दलित चेहरा फुंदर चौधरी का भारतीय जनता पार्टी परिवार में शामिल होने पर स्वागत करता हूँ।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने साधा निशाना, बोले-

# कांग्रेस में सर्वे नहीं, नकुलनाथ ही सर्वेसर्वा



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा ने आज फिर कांग्रेस में टिकट वितरण को लेकर निशाना साधा है। इस बार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निशाने पर थे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ। श्री शर्मा ने पार्टी में गुटबाजी और परिवारवाद पर सवाल किए हैं। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में जिस तरह से नकुलनाथ ने टिकट बांटे हैं, उससे सवाल यह उठता है कि आखिर कांग्रेस में किसकी चलती है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री शर्मा ने यह बात कही। श्री शर्मा ने कहा कि इससे स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस में सर्वे नहीं, नकुलनाथ ही सर्वेसर्वा हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस में नेताओं के बच्चों को टिकट मिलना तो आम बात है, लेकिन पहली बार देखा गया कि जब किसी नेता के बेटे ने ही टिकट बांट दिए। श्री शर्मा ने कहा कि मंगलवार सुबह जब कमलनाथ कांग्रेस का 'वचन पत्र' जारी कर रहे थे, वहीं शाम को उनके बेटे ने उम्मीदवार ही घोषित कर दिए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के अंदरूनी सर्वे को मजाक बताते हुए कहा कि पहले कांग्रेस पार्टी द्वारा कहा गया था कि सर्वे और जमीनी कार्यकर्ताओं के आंकलन के आधार पर ही टिकट दिए जाएंगे। लेकिन नकुलनाथ ने इन सब बातों को दरकिनार कर दिया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया सारंग

## के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज अशोका गार्डन में नरेला विधानसभा क्षेत्र के मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। भाजपा प्रत्याशी विश्वास सारंग के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए श्री शर्मा ने कहा नरेला विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ पर कमल खिलेगा। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, महापौर श्रीमती मालती राय, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, विधानसभा संयोजक श्याम मोहन, अशोक वाणी, नितीन पाठक सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता उपस्थित रहीं।

# आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए कांग्रेस ने जारी किये हेल्पलाईन नंबर



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश भर में कहीं भी हो रही आचार संहिता के उल्लंघन के तुरंत शिकायत करने के लिए हेल्प नंबर जारी किये हैं जो 24 घंटे सेवा में उपलब्ध रहेंगे।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने बताया कि 9039014141, 8982714141, 9039241414 और 8982494141 मोबाईल नंबर कांग्रेस पार्टी ने जारी किये हैं। इन नंबरों पर आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत तुरंत दर्ज करायी जा सकेगी। यह सभी फ़ोन नम्बर्स कांग्रेस पार्टी के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के लिए हेल्प लाईन नम्बर्स हैं, जो 24 घंटे चालू रहेंगे। साथ ही प्रदेश के सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया गया है कि इन उक्त नंबरों को आप अपने माध्यम से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं तक पहुंचाए, जिससे आचार संहिता के किसी भी प्रकार के उल्लंघन की शिकायत तुरंत दर्ज की जा सके और चुनाव आयोग से कार्यवाही के लिए शिकायत दर्ज करायी जा सके।

सरकार गिराए जाने के घटनाक्रम को अब भी नहीं भूले नेता

# सिंधिया और उनके समर्थकों की घेरने की कोशिश में कांग्रेस

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थक उम्मीदवारों को घेरने में सबसे ज्यादा दिलचस्पी है और यही कारण है कि पार्टी की ओर से ताकतवर उम्मीदवारों पर दांव लगाया जा रहा है। यह अलग बात है कि विधायक केपी सिंह को पिछोर की बजाय शिवपुरी से उम्मीदवार बनाकर पार्टी ही उलझन में फंस गई है।

राज्य में कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार गिराए जाने के घटनाक्रम को पार्टी के नेता अब भी नहीं भूल पाए हैं और यही कारण है कि सिंधिया को घेरने के लिए राज्य के नेता सबसे ज्यादा मशक्कत कर रहे हैं। भाजपा ने सात सांसदों सहित तमाम दिग्गजों को विधानसभा चुनाव में मैदान में उतार रखा है तो संभावना इस बात की भी जताई जा रही है कि सिंधिया को पार्टी शिवपुरी से उम्मीदवार बना सकती है, लिहाजा इस इलाके के कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेता और पिछोर से विधायक केपी सिंह को पार्टी ने शिवपुरी से पहले ही उम्मीदवार घोषित कर दिया है ताकि सिंधिया के रास्ते को रोका जा सके।

कांग्रेस ने सिंधिया को रोकने की रणनीति के तहत सिंह को उम्मीदवार बनाया तो सियासी हल्कों में हलचल मच गई और कहा तो यहां तक जा रहा है कि केपी सिंह खुद शिवपुरी से चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। इसी मामले को लेकर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच भी दूरियां बढ़ने की खबर आ रही है। कमलनाथ का एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के दावेदार वीरेंद्र रघुवंशी के समर्थकों से दिग्विजय सिंह और उनके पुत्र जयवर्धन के कपड़े तक फाड़ने की बात कह दी।

एक तरफ जहां कांग्रेस सिंधिया का रास्ता रोकने की कोशिश कर रही है तो वही पार्टी ने सिंधिया समर्थक सांवेर के उम्मीदवार तुलसीराम सिलावट, सुरखी से उम्मीदवार गोविंद सिंह राजपूत की खिलाफ दमदार उम्मीदवार उतार दिए हैं, तो वहीं सिंधिया के अन्य समर्थकों के खिलाफ भी ताकतवर उम्मीदवार उतारे जाने की तैयारी चल रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस के निशाने पर सबसे पहले सिंधिया हैं और यही कारण है कि ग्वालियर-चंबल इलाके पर कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं की पहली नजर है और वह इस इलाके में हर हाल में सिंधिया का प्रभाव कम करना चाहते हैं और इसके लिए वे सिंधिया और उनके समर्थकों के खिलाफ मजबूत जन आधार के नेता तलाश रहे हैं। ग्वालियर-चंबल के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी जो सिंधिया समर्थक हैं उनकी राह कठिन बनाने की कोशिश में कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

## भाजपा नेता आज हाईटेक रथों को रवाना करेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के 230 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार के लिए 19 अक्टूबर को पार्टी के प्रदेश कार्यालय से हाईटेक रथों को जिलों के लिए रवाना होंगे। गुरूवार की सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद हाईटेक रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा सामूहिक एवं वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा संभागीय मुख्यालयों से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर हाईटेक प्रचार रथों को रवाना किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी हाईटेक रथों से प्रदेश के 230 विधानसभा क्षेत्रों के गांव-कस्बों, गली-मोहल्लों में डबल इंजन की सरकार के विकास, गरीब कल्याण और जन हितैषी कार्यों को जनता को बताने के साथ आगामी पांच वर्षों में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी जनता को बताएगी। पार्टी प्रतिदिन लगभग हर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान 10 रथ सभाएं करेगी। प्रदेश भर में प्रतिदिन लगभग 2300 रथा सभाओं के जरिए भाजपा जनता को अपनी सरकार की उपलब्धियां बताएगी।

कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी ने कहा-भाजपा के घोटालों के चलते युवकों में निराशा

# कांग्रेस सत्ता में आने पर 2 लाख युवाओं को नौकरियां देगी



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने व्यापाम पटवारी घोटाले सहित अन्य मामलों का जिक्र कर एक बार फिर भाजपा सरकार को घेरा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि इन घोटालों से लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो गया है, सत्ता में आने पर कांग्रेस हर वचन पूरा करेगी, नौकरियों में 2 लाख युवाओं की भर्ती करेगी। उन्होंने कहा है कि भर्ती में पारदर्शिता के लिए नए नियम बनाए जाएंगे, वहीं पूर्व में हुए भर्ती घोटालों की जांच कराई जाएगी।

उन्होंने युवाओं की स्थिति को बयां करते हुए कहा कि बच्चे के परिवारजन किन परिस्थितियों में बच्चों को शिक्षा दिलवाते हैं। स्कूल से लेकर कोचिंग तक की फीस माता-पिता परिवार के खर्चे में कटौती कर बच्चों को पढ़ा तो देते हैं, लेकिन जब नौकरियों में भर्ती का मौका आता है तो ये भर्तियां घोटालों की भेंट चढ़ जाती हैं। डॉ. रागिनी ने कहा कि यह सिलसिला वर्षों से लगातार चलता आ रहा है, जिसके कारण युवाओं में निराशा की भावना आने लगी है। जिसके चलते अनेक युवाओं के साथ उनके माता-पिता के सपने भी चकनाचूर हुए हैं। प्रदेश में भाजपा के घोटालों के चलते युवकों में निराशा है।

डॉ. रागिनी ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, तकरीबन 2 लाख भर्तियां निकाली जाएंगी। भर्ती के लिए नए नियम बनाकर पूरी पारदर्शिता के साथ ईमानदारी से युवाओं की नौकरियों में भर्ती होगी।

## बिहार ने कृषि क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है : नीतीश

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार ने कृषि क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है। राज्य में पहले कृषि रोड मैप के लॉन्च होने के बाद से कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि दूसरे कृषि रोड मैप की लॉन्चिंग में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी आए थे। तीसरे रोड मैप के शुभारंभ में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आए थे और अब आप आई हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। नीतीश कुमार ने कहा कि चौथे कृषि रोड मैप से पहले किसानों से भी राय ली गई थी। बिहार के किसानों ने फसलों के साथ साथ दूध, अंडा मछली के उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया। मछली का उत्पादन ढाई गुना से भी अधिक हो गया है। अब बाहर से लाने की जरूरत नहीं है।

## सैयद जाफर प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री मनोनीत



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने छिंदवाड़ा के कांग्रेस नेता सैयद जाफर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महामंत्री मनोनीत किया है। श्री जाफर पूर्व में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और मप्र कांग्रेस के मीडिया उपाध्यक्ष पद पर भी रहे हैं। श्री जाफर मीडिया के माध्यम से भी भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और कांग्रेस की योजनाओं को मीडिया के माध्यम से लगातार रखते रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**अडानी ने किया 32 हजार...**

खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उनका कहना था कि अडानी के खिलाफ कार्रवाई इसलिए नहीं हो रही है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उन्हें संरक्षण प्राप्त है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब अडानी के खिलाफ दस्तावेज हैं, तो श्री मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार इस उद्योगपति के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती, जबकि इसको लेकर कांग्रेस सांसद से सड़क तक सवाल उठा रही है और इस घोटाले के सबूत भी दे रही है। उनका कहना है कि अडानी ने हिंदुस्तान की जनता की पॉकेट से 12,000 करोड़ रुपए निकाले हैं और इस तरह से अडानी ने देश में 32,000 करोड रुपए का कोयला घोटाला किया है। उन्होंने कहा, इस घोटाले का पैसा देश की जनता की जेब से बिजली की कीमतें बढ़ाकर वसूला गया है। श्री गांधी ने कहा, कांग्रेस सरकार मध्य प्रदेश, कर्नाटक आदि राज्यों में बिजली में सब्सिडी देकर लोगों को राहत दे रही है लेकिन असली मुद्दा बिजली की कीमतें बढ़ने का है जो अडानी के कोयला घोटाले की वजह से बढ़ रहीं है।

# गुजरात में श्रमिकों को मिला पांच रुपए में भोजन का लाभ

**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात में श्रमिक अन्नपूर्णा योजना अंतर्गत एक वर्ष में 50 लाख श्रमिकों को पांच रुपए में भोजन का लाभ मिला हैं। सरकारी सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में पिछले साल अक्टूबर में एक बार फिर से श्रमिक अन्नपूर्णा योजना का क्रियान्वयन शुरू किया गया था और केवल एक ही वर्ष की समयावधि में राज्य के लगभग 50 लाख श्रमिक इस योजना अंतर्गत पांच रुपए में भोजन का लाभ पा चुके हैं। कोविड महामारी के दौरान संक्रमण की संभावना को कम करने के लिए गुजरात सरकार ने श्रमिक अन्नपूर्णा योजना को कुछ समय के लिए बंद कर दिया था, जिसे पिछले साल अक्टूबर महीने में दोबारा शुरू किया गया। श्रमिकों की सुख-सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कंस्ट्रक्शन साइट पर भोजन की डिलीवरी भी की जाती है। हाल में 50 से अधिक श्रमिकों वाली कंस्ट्रक्शन साइट पर भोजन की डिलीवरी की जाती है। अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत तथा वडोदरा की 13 साइट्स पर श्रमिकों के लिए भोजन पहुंचाया जाता है। दस जिलों में 118 कडियानाका पर श्रमिकों को भोजन श्रमिक अन्नपूर्णा योजना अंतर्गत राज्य में 10 जिलों में 118 श्रमिक नुक्कड़ों पर भोजन प्रदान किया जाता है।

उप्र की सीमा से लगे क्षेत्रों पर खासा असर डालती है बसपा

# मप्र में हाथी की चाल पर तय होंगे चुनावी नतीजे

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की बड़ी भूमिका रहने वाली है। उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे विधानसभा क्षेत्र में बसपा चुनावी नतीजे पर खासा असर डालती है। राज्य के उस इलाके पर गौर करें जो उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ा हुआ है मसलन ग्वालियर- चंबल, विंध्य और बुंदेलखंड, यह वो इलाके हैं जहां की लगभग तीन दर्जन सीटें उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ी हुई हैं।

> लगभग 3 दर्जन सीटें उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ी हुई

इन सीटों पर मुकाबला तो कांग्रेस और भाजपा के बीच होता है, मगर बहुजन समाज पार्टी को मिलने वाले वोट नतीजे को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। यही कारण है कि दोनों राजनीतिक दलों की बसपा पर नजर है और बसपा भी इन दोनों दलों के बागियों को अपने से जोड़ने की कोशिश में है। राज्य में हुए पिछले विधानसभा चुनाव पर गौर किया जाए तो यह बात साफ हो जाती है कि बहुजन समाज पार्टी का वोट बैंक जब बढ़ा है तो कांग्रेस को नुकसान हुआ है और भाजपा को फायदा और जब भी बसपा के वोट बैंक में गिरावट आई है तो उसका लाभ कांग्रेस को हुआ है। बात 2008 के चुनाव की करें तो बसपा को 9 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। जिसके चलते भाजपा बढ़त में थी, वहीं 2013 के चुनाव में बसपा को 6 फीसदी से ज्यादा वोट मिले और भाजपा बढ़त में रही। वहीं 2018 में बसपा का प्रतिशत गिरकर 5 के करीब हुआ तो कांग्रेस को बढ़त मिली। यह इस बात के संकेत हैं कि बसपा का वोट बैंक बढ़ता या घटता, चुनावी नतीजे को प्रभावित करता है।

### राज्य में 35 सीटें आरक्षित

राज्य में अनुसूचित जाति वर्ग का वोट बैंक साढ़े 15 फीसदी से ज्यादा है और इस वर्ग के लिए राज्य में 35 सीटें आरक्षित हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में इन सीटों में से कांग्रेस को 18 पर और भाजपा को 17 पर जीत मिली थी। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो उनका कहना है कि राज्य के विधानसभा चुनाव में पूरे राज्य पर तो बीएसपी असर नहीं डालती है, मगर उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे क्षेत्र पर बसपा का असर रहता है। यही कारण है कि बसपा के वोट प्रतिशत के घटने और बढ़ने पर चुनावी नतीजे सीधे असर डालते हैं। इस बार बसपा ने गोंगपा से गठबंधन किया है जिसके चलते बसपा का वोट बैंक और भी बढ़ सकता है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।